सूर्योदय 6:32 सूर्यास्त 5:38

आज का तापमान

शिमला 12.0 न्यू 22.0 अधि

धर्मशाला 14.5 न्यू 24.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स 73,607

निफ्टी 22,753

सोना 1,41,000 चांदी 1,94,000

भारतेन्दु शिखर

हिमाचल, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू व उत्तराखंड में प्रसारित

आरएनआई नं. HPHIN/2000/02437 | शिमला | मंगलवार, 27 अक्तूबर 2026 | 11 कार्तिक, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 28, अंक 181, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | info@bhartendushikhar.com | 8894677702

न्यूज शॉर्ट्स

लूला दा सिल्वा चौथी बार ब्राजील के राष्ट्रपति

एजेंसी, ब्राजीलिया। लूला द सिल्वा 2002 से 2010 तक लगातार दो बार राष्ट्रपति रहे। इसके बाद 2022 में राष्ट्रपति चुनाव जीते। ब्राजील में 80 साल के लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने चौथी बार राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक फ्लावियो बोल्सोनारो को हराया है। लूला ने 2022 के चुनाव में फ्लावियो के पिता और ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को भी हराया था। पहले दौर की वोटिंग में लूला, फ्लावियो बोल्सोनारो से पिछड़ गए थे, लेकिन दूसरे दौर में बाजी पलट दी। फ्लावियो को पहले चरण में 47% वोट मिले थे। वहीं लूला को 45.16% वोट मिले थे।

ट्रंप ने नोबेल न मिलने पर नॉर्वे को दी गाली

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को मिशिगन में एक चुनावी रैली के दौरान नॉर्वे को गाली दी। इस दौरान उनके समर्थक तालियां बजा रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने नोबेल शांति पुरस्कार न मिलने पर एक बार फिर नाराजगी जताई है। उन्होंने नॉर्वे को गाली देते हुए कहा कि वे वहां से किसी को अमेरिका नहीं आने देना चाहते हैं। ट्रंप ने मिशिगन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, मैंने 8 जंग रुकवाई। फिर भी मुझे नोबेल नहीं मिला। मैं नॉर्वे से किसी को यहां आने देना नहीं चाहता। ट्रंप ने फ्रांस में हाल में हुई हिंसा के लिए प्रवासियों को जिम्मेदार ठहराया। इसके बाद नॉर्वे की आलोचना करते हुए कहा कि वह एक घटिया देश बन गया है।

जामिया में 20 साल बाद छात्रसंघ चुनाव का आदेश

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली की जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में करीब 20 साल बाद छात्रसंघ चुनाव कराने का आदेश जारी किया गया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सोमवार को कहा कि छात्रसंघ के संविधान को मंजूरी मिलने के 15 दिन के भीतर चुनाव कराए जाएंगे। प्रशासन ने प्रदर्शन के दौरान छात्रों को जारी सस्पेंशन और कारण बताओ नोटिस रद्द करने का फैसला लिया है। साथ ही, आंदोलन के दौरान सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार की जांच के लिए कमेटी बनाने का भी आश्वासन दिया। हालांकि, प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने आदेश को अस्पष्ट बताते हुए कहा है कि लिखित भरोसा मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। यूनिवर्सिटी में छात्रसंघ बहाल करने और चुनाव की मांग को लेकर 12 अक्टूबर से प्रदर्शन जारी है। 5 छात्र पिछले 14 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

नोबेल पुरस्कार जीतने वाली मारिया वेनेजुएला लौटीं

एजेंसी, कराकस। मचाडो निजी विमान से पनामा से कोलंबिया पहुंचीं। फिर वे सड़क के रास्ते वेनेजुएला आईं। लौटने पर उनका स्वागत हुआ। वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो करीब 10 महीने बाद अपने देश लौट आई हैं। नोबेल शांति पुरस्कार मिलने के बाद वे पिछले साल देश छोड़कर चली गई थीं। दिसंबर 2025 में वह नोबेल शांति पुरस्कार लेने छिपकर वेनेजुएला से नॉर्वे गई थीं। इस साल की शुरुआत में अमेरिका ने वेनेजुएला में तख्तापलट कर दिया। इसके बाद भी गिरफ्तारी के खतरे की वजह से वे देश नहीं लौट पाई थीं।

100 फीसदी एथेनॉल वाले ईंधन को सरकार की मंजूरी

सरकार बोली- कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाने की तैयारी, प्रदूषण घटेगा



एजेंसी, नई दिल्ली। भारत में अब 100 प्रतिशत एथेनॉल ईंधन से चलने वाली कारों के निर्माण और इस्तेमाल का रास्ता साफ हो गया है।

केंद्र सरकार ने केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में बदलाव करते हुए ई85 के साथ ई100 ईंधन को भी उत्सर्जन संबंधी प्रावधानों में शामिल किया है। इससे वाहन कंपनियों को ऐसी गाड़ियों की जांच और प्रमाणन करवाने में सुविधा मिलेगी। ई100 पूरी तरह एथेनॉल से तैयार ईंधन है, जिसे मुख्य रूप से गन्ने, मक्के और अन्य जैविक स्रोतों से बनाया जाता है। इसमें पेट्रोल की मिलावट नहीं होती। हालांकि, इसका इस्तेमाल केवल उन्हीं वाहनों में किया जा सकेगा, जिन्हें विशेष रूप से ई100 ईंधन के अनुकूल डिजाइन और प्रमाणित किया गया हो। सामान्य पेट्रोल या ई20 पर चलने वाली मौजूदा कारों में सीधे ई85 अथवा ई100 ईंधन का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। ऐसे में वर्तमान वाहन मालिकों को अपनी गाड़ियों में बदलाव कराने की जरूरत नहीं है। पेट्रोल से चलने वाले वाहन भी पहले की तरह उपलब्ध रहेंगे। फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक के तहत विशेष रूप से तैयार वाहन पेट्रोल और एथेनॉल के अलग-अलग मिश्रण पर चल सकते हैं। हालांकि, ईंधन के इस्तेमाल की सीमा वाहन की तकनीकी क्षमता और प्रमाणन पर निर्भर करेगी। सरकार को उम्मीद है कि एथेनॉल के बढ़ते इस्तेमाल से कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम होगी और विदेशी मुद्रा की बचत होगी। इसके अलावा, जीवाश्म ईंधन के मुकाबले कार्बन उत्सर्जन घटाने में भी मदद मिल सकती है।

वैकल्पिक ईंधन से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेगा भारत

ब्राजील और अमेरिका जैसे देशों में फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों का इस्तेमाल पहले से किया जा रहा है। भारत में नए नियमों को वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने और ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

ज्ञानेश को हटाएं, 30 सेकेंड में आंदोलन रोक देंगे : राहुल

एजेंसी, नई दिल्ली। राहुल गांधी ने 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली को टालने से इनकार कर दिया। राहुल ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि दिल्ली के हर व्यापारी से हम प्यार करते हैं, उनकी बात सुन रहे हैं। मोदी जी से कहिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटा दें। 30 सेकंड में आंदोलन रुक जाएगा।



दिल्ली के कश्मीरी गेट पर सोमवार को व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कांग्रेस से 1 नवंबर को रामलीला मैदान में होने वाली रैली को दिवाली के बाद कराने की मांग की। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने कहा कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के सभी दलों को पत्र लिखा जाएगा। संगठन ने दिवाली फेस्टिवल सीजन में 10 हजार करोड़ रुपए के व्यापारिक नुकसान की चेतावनी दी है।

◆ दिल्ली के व्यापारी बोले- करोड़ों का नुकसान होगा

खड़गे बोले- रैली में सब लोग शामिल हों



खड़गे ने एक्स पर लिखा यह त्योहार का मौसम है, लेकिन इस समय आप कमरतोड़ महंगाई से जूझ रहे है। सरकार को इसकी बिलकुल भी चिंता नहीं, क्योंकि वह सिर्फ वोट चोरी करना जानते है। इसी सिलसिले में 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महा रैली होगी। आप से अपील है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए, इस रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और इस मुहिम को सफल बनाए।

सेनाओं के लिए 2.12 लाख करोड़ के सैन्य उपकरणों की खरीद को मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय सेनाओं के लिए 2.12 लाख करोड़ रुपए के सैन्य उपकरण खरीदे जाएंगे, जिसके लिए सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में मंजूरी दी गई। केंद्र सरकार से मंजूर किये गए कुल पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों में से लगभग 82 फीसदी हथियारों की खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी। केंद्र सरकार ने अलग-अलग पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों को लगभग 2,12,000 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर ज़रूरी चीज़ों की स्वीकृति (एओएन) यानी सैद्धांतिक रूप से प्रशासनिक मंजूरी दी है। इस रकम से भारतीय सेना के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल, सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम, गन शॉट रिस्पॉन्स सिस्टम, लाइट मल्टी रोल हेलीकॉप्टर, वेरी शॉर्ट-रेंज एयर डिफेंस सिस्टम, प्लेटफॉर्म बेस्ड काउंटर अनमैन्ड एरियल सिस्टम, अनमैन्ड एरियल सिस्टम ब्रिक लॉन्ग रेंज, सर्विलांस यूएवी, इंटीग्रेटेड सर्विलांस एंड स्ट्राइक सिस्टम और लॉन्ग रेंज कामिकेज ड्रोन सिस्टम खरीदे जाएंगे। सेना के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल मुश्किल इलाकों में ऑपरेशनल क्षमता, लॉजिस्टिक सपोर्ट और मोबिलिटी को बढ़ाएंगे।

◆ कुल प्रस्तावों में से लगभग 82 फीसदी हथियारों की खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी

तमिलनाडु में 100 करोड़ का घोटाला, पूर्व मंत्री अरेस्ट

एजेंसी, चेन्नई। तमिलनाडु के पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री और डीएमके नेता अनबिल महेश पोय्यामोझी को सोमवार को 100 करोड़ रुपए के प्राइवेट स्कूल घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया। महेश पर आरोप है कि उन्होंने 2021 से 2026 तक स्कूल शिक्षा मंत्री रहने के दौरान 1,000 से ज्यादा प्राइवेट स्कूलों के प्रबंधन से 'पार्टी फंड' के नाम पर पैसे वसूले। आरोप है कि इसके बदले स्कूलों को स्थायी मान्यता और अन्य प्रशासनिक मंजूरियां दी गईं। महेश ने मद्रास हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत भी लगाई थी। सोमवार को उनकी याचिका खारिज कर दी गई। कुछ घंटे बाद ही ग्रेटर चेन्नई पुलिस की सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने उन्हें अरेस्ट कर लिया।



सुंदर ठाकुर के ग्रह टलेंगे, तभी मंत्री बनेंगे : सीएम सुक्खू

मुख्यमंत्री ने कहा—चुटी भियाली में नेचर पार्क बनने से बंजार के निचले क्षेत्र में पर्यटन को लगेंगे पंख

धनेश गौतम, भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कुल्लू और बंजार विधानसभा क्षेत्रों को करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देकर क्षेत्र के विकास को नई गति देने का प्रयास किया है।

चुटी भियाली में नेचर पार्क बनने से बंजार के निचले क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वहीं, पीरड़ी में डबल लेन पुल के निर्माण से यातायात व्यवस्था में सुधार और जाम की समस्या से राहत मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने विधायक सुंदर ठाकुर और एपीएमसी के चेयरमैन की ओर से रखी गई मांगों को मंजूरी देते हुए क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का भरोसा दिया। इन फैसलों से कुल्लू और बंजार के लोगों को बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ पर्यटन और रोजगार के नए अवसर मिलने की उम्मीद जगी है।



चुटी भियाली में प्रस्तावित नेचर पार्क बंजार के निचले क्षेत्र के पर्यटन विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस क्षेत्र में पर्यटन सुविधाएं विकसित होने से पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। इससे स्थानीय कारोबार, होम स्टे, टैक्सी सेवाओं और अन्य पर्यटन गतिविधियों से जुड़े लोगों को भी लाभ मिल सकता है। बंजार के विकास से जुड़ी एक अन्य महत्वपूर्ण पहल आयुर्वेद अस्पताल को लेकर है। स्वर्गीय पूर्व मंत्री कर्ण सिंह का आयुर्वेद अस्पताल बनाने का सपना अब पूरा होने की उम्मीद है। लंबे समय से खंडहर जैसी स्थिति में पड़े अस्पताल भवन को दोबारा विकसित करने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकती हैं। इससे स्थानीय लोगों को आयुर्वेदिक उपचार के लिए सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में मदद मिलेगी। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के पीरड़ी में तरलोगी मार्ग पर बनने वाला 110 मीटर लंबा पुल यातायात के लिहाज से महत्वपूर्ण परियोजना है।

जल्द होगा मंत्रिमंडल विस्तार : सीएम सुक्खू

मुख्यमंत्री सुक्खू ने विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्री बनाए जाने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वह पिछले एक साल से सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्री बनाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन कई बार ग्रह-दशा का चक्र भी आड़े आ जाता है। मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि जल्द ही मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा और सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्री बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। सुंदर को मंत्री बनाए जाने की लंबे समय से अटकलें लगाई जा रही हैं, ऐसे में मुख्यमंत्री का यह बयान उनके समर्थकों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अपने अंदाज में ग्रह-दशा का जिक्र करते हुए कहा कि वह तो एक साल से सुंदर ठाकुर को मंत्री बना रहे हैं, लेकिन कई बार ग्रहों का चक्र ऐसा पड़ जाता है कि काम में देरी हो जाती है। उन्होंने जल्द मंत्रिमंडल विस्तार होने की बात कहते हुए उम्मीद जताई कि सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्री बनाया जाएगा।

परविंदर झोटा के परिवार की सभी जायज मांगें मानी : मुख्यमंत्री मान

भारतेन्दु संवाददाता, पटियाला। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार पटियाला में आयोजित कार्यक्रम में पहुंच परविंदर सिंह झोटा हत्याकांड मामले को लेकर बड़ा बयान दिया।



उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रदेश सरकार ने सामाजिक कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा के परिवार की सभी जायज मांगों को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाई है और अब पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम करवाना पूरी तरह से पीड़ित परिवार की इच्छा पर निर्भर करता है। पटियाला में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने इस संवेदनशील मुद्दे पर सरकार का रुख साफ किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वे शुरू से ही राज्य के हितों के साथ खिलवाड़ और धोखाधड़ी करती आ रही है। उन्होंने कहा कि कभी केंद्र शासित क्षेत्र पर राज्य के अधिकारों को छीनने की कोशिश की जाती है, तो कभी अंतरराज्यीय जल प्रबंधन बोर्डों से राज्य का प्रतिनिधित्व व हिस्सेदारी घटाने की साजिशें रची जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य के वैध विकास कोषों को रोककर प्रगति के रास्ते में रोड़े अटकाने का काम कर रही है। इन तमाम बाधाओं के बावजूद राज्य सरकार प्रदेश को पुनः खुशहाल, आर्थिक रूप से मजबूत और समृद्ध बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से मानवता को जीवन जीने का मार्ग दिखाया : सीएम नायब सैनी

एजेंसी, चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से संसार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों से परिचित कराया। उनकी रचना केवल एक महाकाव्य नहीं, बल्कि युगों-युगों तक मानवता को जीवन जीने का मार्ग दिखाने वाली है। महर्षि वाल्मीकि जी की शिक्षाएं हमें धैर्य, परिश्रम, अटूट विश्वास, करुणा, शिक्षा और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देती हैं।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी संत महापुरुष प्रचार-प्रसार योजना के तहत संत कबीर कुटीर में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जी की राज्यस्तरीय जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन करते हुए प्रदेशवासियों को प्रकाश पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार में निर्माणाधीन वाल्मीकि छात्रावास के लिए 31 लाख रुपये देने की घोषणा भी की, साथ ही कहा कि शीघ्र ही छात्रावास के भूमि पूजन के अवसर पर वहां जाएंगे। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ऐसे महान संत थे, जिन्होंने अंधकार में ज्ञान का दीप जलाया। कठिन समय में माता सीता को अपने आश्रम में स्थान देने के साथ-साथ उन्होंने उनके बच्चों को उच्च शिक्षा और संस्कार प्रदान किए। शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से उनके व्यक्तित्व को एक अलग पहचान मिली। भगवान श्रीराम के जीवन का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उनका राज्याभिषेक होना था, उस समय उन्हें वनवास जाना पड़ा, लेकिन उन्होंने धैर्य बनाए रखा और परिस्थितियों को स्वीकार करते हुए आगे बढ़े।

शाह मानहानि मामले में राहुल 8 साल बाद बरी

एजेंसी, असगर नकी। राहुल गांधी को अमित शाह से जुड़े मानहानि मामले में सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सोमवार को बरी कर दिया। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने अगस्त 2018 में राहुल के खिलाफ केस दर्ज कराया था। आरोप है कि राहुल ने 8 मई 2018 को बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, 'जो पार्टी ईमानदारी की बात करती है, उसके अध्यक्ष पर हत्या का आरोप है।' फैसले के बाद कोर्ट के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों पर डांस किया, आतिशबाजी की और राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगाए। इससे पहले, सोमवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर राहुल के काफिले की 5 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इनमें एक एंबुलेंस भी थी। हादसे में राहुल सुरक्षित हैं। राहुल पर अभी भी मानहानि के कम से कम 5 और केस दर्ज हैं।

'नमो यमुना रिवर सफारी' का ट्रायल रन शुरू, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया निरीक्षण

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली में 'नमो यमुना रिवर सफारी' के ट्रायल रन शुरू हो गए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को सोनिया विहार से जगतपुर रूट का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को साफ-सफाई, सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व से पहले यह सेवा शुरू करने का लक्ष्य है। दिल्ली के लोग अपने परिवार के साथ मां यमुना के दर्शन कर सकें, क्रूज की सैर का आनंद लें और उन्हें राजधानी में ही पिकनिक मनाने के लिए एक नई जगह मिले। इससे दिल्ली में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय कारोबार बढ़ेगा और रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। इस अवसर पर दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि आज 'नमो यमुना रिवर सफारी' का ट्रायल शुरू हुआ और मुख्यमंत्री ने इसका निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ये केंद्र, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली सरकार और पर्यटन विभाग की साझा परियोजना है। यह 3.5 किलो मीटर की बोट राइड, आधे घंटे का अनुभव और रिवर फ्रंट पर म्यूजिकल फाउंटेन में मां यमुना की गाथा, वाटर स्पोर्ट्स, फूड पार्क, किड्स जोन, एंट्री 50 रुपए होगी। यह छठ से पहले जनता के लिए खुलेगी। पिछले साल की तरह इस बार भी यमुना घाटों पर भव्य छठ पूजा की तैयारी शुरू होगा गई है।



◆ छठ महापर्व से पहले यह सेवा शुरू करने का लक्ष्य

'नर-नारायण सेवा' के भाव से जनसेवा कर रही सरकार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

एजेंसी, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' में लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार 'नर सेवा-नारायण सेवा' के भाव से जनसेवा कर रही है, ऐसे में अधिकारी सबकी समस्याओं का समाधान करते हुए जन कल्याण और नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने के सरकार के संकल्प की पूर्ति करें।



◆ सीएम ने अफसरों को दिया निर्देश- संवेदनशील व्यवहार के साथ करें पीड़ितों की सहायता

इसके अनुरूप हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। 'जनता दर्शन' के दौरान मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध कब्जा करने वाले, निर्बल लोगों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि जमीन जायदाद से जुड़ा विवाद पारिवारिक हो तो संबंधित पक्षों को बैठाकर आपसी संवाद से निस्तारण कराने का प्रयत्न करें। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए।

आयोजन मुख्यमंत्री ने देहरादून में महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में किया प्रतिभाग

सफाई कर्मचारियों का मानदेय जल्द बढ़ाया जाएगा : धामी

एजेंसी, देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को देहरादून में महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का मानदेय जल्द बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शीघ्र बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने रामायण के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन और आदर्शों से पूरे विश्व को परिचित कराया। महर्षि वाल्मीकि का जीवन सिखाता है कि व्यक्ति की वास्तविक पहचान उसकी जाति या सामाजिक स्थिति से नहीं, बल्कि उसके ज्ञान, कर्म और समाज के प्रति योगदान से होती है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि ने ऐसे समाज के निर्माण की प्रेरणा दी, जहां भेदभाव के लिए कोई स्थान न हो। धामी ने कहा कि रामायण सत्य, धर्म, त्याग और कर्तव्य के साथ प्रेम, समानता, बंधुत्व और मानवीय गरिमा का संदेश देती है। सनातन संस्कृति सदैव समाज में सम्मान, सद्भाव और समरसता बनाए रखने की प्रेरणा देती रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण और उसके परिसर में महर्षि वाल्मीकि, निषादराज तथा माता शबरी को स्थान दिया जाना सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम भी महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं के माध्यम से गरीबों, वंचितों और पिछड़े वर्गों के जीवन स्तर में सुधार के लिए काम कर रही है।



अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकारों की रक्षा और अत्याचारों के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों को भी मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उत्तराखंड में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा एक से 12वीं तक छात्रवृत्ति दी जा रही है। इन विद्यार्थियों के लिए 15 निशुल्क छात्रावास, पांच आवासीय विद्यालय और तीन आईटीआई संचालित किए जा रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था भी की गई है।

अंतरजातीय विवाह पर 50 हजार की प्रोत्साहन राशि

मुख्यमंत्री ने बताया कि आवासहीन अनुसूचित वर्ग के परिवारों को घर बनाने के लिए अटल आवास योजना के तहत 1.20 लाख रुपए की सहायता देने की व्यवस्था की गई है। सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए अनुसूचित जाति के युवक या युवती से अंतरजातीय विवाह करने पर 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए भी 50 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है।

विधान सभा अध्यक्ष ने संसद में 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच को किया सम्बोधित

कहा संवाद,सहयोग और सांझा जिम्मेदारी से होकर गुजरता है जनकेन्द्रित विकास का मार्ग

अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली/शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि जनकेंद्रित विकास का मार्ग संवाद, सहयोग और साझा जिम्मेदारी से होकर गुजरता है। उन्होंने यह बात नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आयोजित 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच को संबोधित करते हुए कही। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति डॉ. हरिवंश भी मौजूद रहे।



सम्मेलन में ब्रिक्स के 11 सदस्य देशों और 10 सहयोगी देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारियों तथा संसदीय प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन के शुभारंभ के बाद संविधान सदन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों, सांसदों और संसदीय शिष्टमंडलों से मुलाकात की। पठानिया ने कहा कि जनकेंद्रित संसद के लिए पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों को यह जानने का अधिकार है कि उनके प्रतिनिधि किन मुद्दों को उठा रहे हैं, सार्वजनिक धन का उपयोग कैसे हो रहा है और संसदीय सिफारिशों पर क्या कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने समावेशी विकास के लिए संसदों में महिलाओं और युवाओं की पर्याप्त तथा प्रभावी भागीदारी को भी महत्वपूर्ण बताया। हिमाचल प्रदेश का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि ऊंचे पर्वतों, गहरी घाटियों और दुर्गम बस्तियों के बावजूद राज्य ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सूचकांकों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इसमें मेहनतकश लोगों के साथ उन जनप्रतिनिधियों का भी योगदान है, जिन्होंने दूरदराज के गांवों की समस्याओं को सदन तक पहुंचाया।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं ने प्रदेश में जमीनी लोकतंत्र को मजबूत किया है। ग्राम सभाओं में लोग गांव की सड़क, पेयजल योजना और स्कूल भवन जैसे विकास कार्यों पर निर्णय लेते हैं। पंचायतों में महिलाओं के लिए आरक्षण ने उनकी भागीदारी और आत्मविश्वास बढ़ाया है।

जनकेंद्रित विकास के लिए मजबूत और जवाबदेह संसद जरूरी : पठानिया

पठानिया ने कहा कि जब महिलाएं निर्णय लेने की प्रक्रिया में बराबरी से भागीदारी करती हैं, तो नीतियां अधिक संवेदनशील और परिणामोन्मुखी बनती हैं। यही जनकेंद्रित विकास की वास्तविक भावना है। उन्होंने कहा कि मजबूत, उत्तरदायी और प्रभावी संसद लोकतंत्र की आधारशिला है। संसद केवल कानून बनाने वाली संस्था नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं और अधिकारों से जुड़ी आवश्यकताओं को सामने रखने का महत्वपूर्ण मंच है। संसदों को अधिक पारदर्शी, सहभागी, तकनीक-सक्षम और समावेशी बनाकर नागरिकों के करीब लाया जा सकता है। इसके लिए मजबूत संसदीय समितियां, प्रभावी निगरानी, गुणवत्तापूर्ण कानून निर्माण और डिजिटल तकनीक का उपयोग जरूरी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और युवाओं की भागीदारी, नागरिक संवाद तथा सार्वजनिक हितों पर प्रभावी निगरानी से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी।

एसजेवीएन ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह- 2026 का किया शुभारंभ

एक नवंबर तक सभी परियोजनाओं में चलेंगी जागरूकता गतिविधियां

अनिल कुमार शर्मा,भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। एसजेवीएन की ओर से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता के मार्गदर्शन में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशों के अनुरूप 26 अक्तूबर से 1 नवंबर तक सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' है, जो विकास और राष्ट्रीय समृद्धि में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा नैतिक आचरण की भूमिका को रेखांकित करती है। एसजेवीएन के निदेशक (कार्मिक) अजय कुमार शर्मा ने निदेशक (परियोजनाएं) राजेश कुमार चंदेल और मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज पोरवाल की उपस्थिति में शिमला स्थित कॉरपोरेट मुख्यालय में कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर सप्ताह का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। एसजेवीएन की विभिन्न परियोजनाओं एवं इकाइयों में भी कर्मचारियों ने एक साथ सत्यनिष्ठा की शपथ ली। अजय कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता एक सशक्त संगठन के निर्माण के मूल आधार हैं। उन्होंने कर्मचारियों से व्यावसायिक दायित्वों के निर्वहन में नैतिक आचरण के उच्च मानक बनाए रखने तथा ईमानदारी और जवाबदेही पर आधारित कार्यसंस्कृति को बढ़ावा देने का आह्वान किया। सप्ताह के तहत हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी की अध्यक्षता में 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर निवारक सतर्कता जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

उन्होंने सार्वजनिक जीवन में सतर्कता के महत्व, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में सतर्कता तंत्र की भूमिका तथा भ्रष्टाचार रोकने के उपायों पर विचार साझा किए। इस अवसर पर पुलिस और सतर्कता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। एसजेवीएन की विभिन्न परियोजनाओं एवं इकाइयों में जागरूकता और क्षमता निर्माण सत्र, वेंडर मीट, नुक्कड़ नाटक, वॉकाथॉन, प्रश्नोत्तरी, भाषण, वाद-विवाद, चित्रकला, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन और रंगोली प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से कर्मचारियों, विद्यार्थियों और स्थानीय समुदायों तक सत्यनिष्ठा एवं नैतिक आचरण का संदेश पहुंचाया जा रहा है।

एसजेवीएन का संदेश सत्यनिष्ठा से समृद्धि

इन गतिविधियों के माध्यम से एसजेवीएन का उद्देश्य संगठन के भीतर ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही की संस्कृति को मजबूत करना है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान कर्मचारियों और विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया जा रहा है, ताकि वे अपने कार्यों और व्यवहार में सत्यनिष्ठा को प्राथमिकता दें। वेंडर मीट और जागरूकता सत्रों के माध्यम से संबंधित पक्षों को भी पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक, वॉकाथॉन और विभिन्न प्रतियोगिताओं के जरिए भ्रष्टाचार की रोकथाम तथा जिम्मेदार नागरिक व्यवहार का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। एसजेवीएन की सभी परियोजनाओं और इकाइयों में आयोजित इन कार्यक्रमों से स्थानीय समुदायों की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है। सप्ताह की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' के अनुरूप यह पहल नैतिक आचरण को बढ़ावा देने और संगठनात्मक कार्यप्रणाली में बेहतर मानक स्थापित करने का प्रयास है। एसजेवीएन की यह पहल भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति विकसित करने और संगठन के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सप्ताह के माध्यम से सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही को दैनिक कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाने का संदेश दिया जा रहा है।

क्षेत्र में सड़क निर्माण एवं विकास कार्यों को दी जाएगी प्राथमिकता - अनिरुद्ध सिंह

अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने शिमला जिला की धरभोग ग्राम पंचायत के भराड़ीया गांव में आयोजित पारंपरिक ठोडा खेल महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न घोषणाएं कीं।



मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुंडाघाट सड़क की वन स्वीकृति प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है, जबकि कोटी-पराड़ी सड़क का निर्माण दिवाली के बाद शुरू करने की योजना है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से सड़क निर्माण के लिए आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा करवाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक केंद्र के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज मिलने के बाद खेल मैदान को स्टेडियम के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। लिंक रोड पॉलिसी से ग्रामीण संपर्क सड़कों को बेहतर बनाने और आपातकालीन वाहनों की आवाजाही सुगम करने में मदद मिलेगी।

अनिरुद्ध सिंह ने क्षेत्र में पशु औषधालय खोलने, सीबीएसई पाठ्यक्रम वाला विद्यालय स्थापित करने और कोटी में पुलिस चौकी शुरू करने की दिशा में प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने धरभोग, कनागरा-डेरा कायर सड़क की मरम्मत और खाल-नाला कंडा सड़क के लिए एक-एक लाख रुपये देने की घोषणा की। मेला समिति को 25 हजार, दो महिला मंडलों को 15-15 हजार और दो ठोडा खेल दलों को 10-10 हजार रुपये देने की भी घोषणा की। समारोह में पंचायत प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

शिमला के पड़ेची में कमरे से 16 ग्राम चिट्टा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। शिमला पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पड़ेची क्षेत्र में एक आवासीय कमरे से करीब 16 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की है। पुलिस की स्पेशल सेल टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। मामले में अभिषेक ठाकुर नामक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, टीम ने नियमानुसार आरोपी के आवासीय कमरे की तलाशी ली। इस दौरान कमरे में रखी लकड़ी की अलमारी के ऊपरी खाने में दो डिब्बों के पीछे छिपाया गया एक पारदर्शी प्लास्टिक पाउच मिला। पाउच की जांच करने पर उसमें करीब 16 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अभिषेक ठाकुर पुत्र ध्यान सिंह ठाकुर, निवासी पड़ेची, जिला शिमला के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में पुलिस थाना सदर शिमला में अभियोग संख्या 140/2026, दिनांक 25 अक्टूबर 2026 को धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। मामले में आगामी अन्वेषण जारी है। शिमला पुलिस नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चला रही है।

◆पड़ेची में चिट्टा के साथ अभिषेक ठाकुर गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज

एसजेपीएनएल की जलापूर्ति परियोजना के तहत सड़कों की बहाली का कार्य शुरू

अनिल कुमार शर्मा,भारतेन्दु संवाददाता शिमला। शिमला में एसजेपीएनएल की 24 घंटे सातों दिन निरंतर दबावयुक्त जलापूर्ति परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की बहाली का कार्य शुरू हो गया है। इस अभियान का उद्देश्य पाइपलाइन बिछाने के बाद प्रभावित सड़कों की मरम्मत कर उन्हें बेहतर स्थिति में लाना और स्थानीय निवासियों सहित वाहन चालकों को राहत प्रदान करना है।



परियोजना के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़कों की सतह प्रभावित हुई थी। अब चरणबद्ध तरीके से इन सड़कों की मरम्मत और मेटलिंग की जा रही है, ताकि यातायात को सुचारू और सुरक्षित बनाया जा सके। इस अभियान के तहत बालूगंज मार्केट रोड पर मेटलिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं, इसके साथ लगती एडवांस स्टडी रोड को भी मेटलिंग के लिए तैयार किया गया है। इस सड़क पर वेट मिक्स मैकडम (डब्ल्यूएमएम) डाला गया है, जिससे अगले चरण में मेटलिंग का कार्य किया जा सके।

इसके बाद आगामी दिनों में खलिणी मार्केट रोड, शांति विहार रोड तथा संजौली से आईजीएमसी तक की सड़क पर भी मेटलिंग की जाएगी। यह कार्य परियोजना के तहत सुएज की टीमों द्वारा चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, शहर के अन्य चिन्हित मार्गों पर भी सड़क बहाली का कार्य जारी रहेगा। सड़क बहाली अभियान पाइपलाइन बिछाने के कारण प्रभावित मार्गों को दोबारा सुचारू और सुरक्षित यातायात के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और वाहन चालकों को राहत मिलने की उम्मीद है।

सड़कों की मरम्मत पूरी होने से आवाजाही अधिक सुविधाजनक होगी और क्षतिग्रस्त सतह के कारण होने वाली परेशानियां भी कम होंगी। संबंधित टीमें निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार काम आगे बढ़ा रही हैं। इसके साथ ही संबंधित टीमें कार्य की गुणवत्ता और निर्धारित समयसीमा का ध्यान रखते हुए सड़कों की बहाली में जुटी हैं। आने वाले दिनों में अन्य प्रभावित मार्गों पर भी काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे शहरवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलने की उम्मीद है।

हिमालयन पब्लिक स्कूल रोहड़ू में 'अभिव्यंजना 2026' की धूम

विद्यार्थियों की रचनात्मकता, शैक्षणिक गतिविधियाँ और आत्मविश्वासपूर्ण मंच संचालन ने मोहा मन

भारतेन्दु संवाददाता, रोहड़ू। हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रोहड़ू में वार्षिक समारोह 'अभिव्यंजना 2026' उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने रचनात्मक प्रतिभा, नवाचार और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों से अतिथियों एवं अभिभावकों का ध्यान आकर्षित किया।



रोहड़ू स्कूल में वार्षिक समारोह अभिव्यंजना 2026 आयोजित।

कार्यक्रम में डॉ. पवन झाल्टा मुख्य अतिथि और डॉ. नरेंद्र कैथ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के चेयरमैन दिनेश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य रंजू शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों की रचनात्मक और शैक्षणिक प्रस्तुतियां रहीं। विद्यार्थियों ने स्वयं मंच संचालन कर अपनी अभिव्यक्ति क्षमता, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल का परिचय दिया। प्रस्तुतियों में उनकी रचनात्मक सोच, नवाचार और व्यावहारिक ज्ञान की झलक देखने को मिली। विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान तक सीमित रखने के बजाय वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करने पर जोर दे रहा है।

इसके लिए प्रयोगात्मक गतिविधियों, स्वतंत्र अभिव्यक्ति और नवाचार को प्रोत्साहित किया जा रहा है। चेयरमैन दिनेश शर्मा ने समारोह की सफलता पर शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफलता शिक्षकों की मेहनत, समर्पण और टीमवर्क के साथ विद्यार्थियों की लगन एवं प्रतिभा का परिणाम है।

विद्यार्थियों की प्रतिभा से सजा वार्षिक समारोह

उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से सक्षम बनाना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी, रचनात्मक और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। इसके लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास महत्वपूर्ण हैं। प्रधानाचार्य रंजू शर्मा ने विद्यालय की प्रगति में शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के योगदान को सराहनीय बताया। उन्होंने अभिभावकों के निरंतर सहयोग और विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। चेयरमैन दिनेश शर्मा ने अभिभावक समुदाय और क्षेत्र के सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी सहयोग बनाए रखने की अपील की।

नगर निगम कर्मचारी संघ ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठाई

भारतेन्दु संवाददाता, मंडी। नगर निगम कर्मचारी संघ ने प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता और महंगाई राहत देने के निर्णय का स्वागत किया है। संघ अध्यक्ष हरीश कुमार शर्मा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदन ठाकुर ने इसके लिए सरकार का आभार जताया। संघ ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से नगर निगमों और अन्य शहरी स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2023 में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की अधिसूचना जारी हुई थी, लेकिन शहरी निकायों के कर्मचारी अभी इससे वंचित हैं। संघ ने दीपावली से पहले अधिसूचना जारी कर कर्मचारियों को राहत देने की अपील की।

शिमला में खरगे के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

सिकंदर कुमार बोले- कांग्रेस माफी मांगे

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता के प्रति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा ने सोमवार को शिमला में प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला फूंका और कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। डॉ. सिकंदर कुमार ने कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध के नाम पर किसी के परिवार के प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल स्वीकार नहीं किया जा सकता।



प्रधानमंत्री और उनके दिवंगत माता-पिता के प्रति ऐसी टिप्पणी भारतीय संस्कृति, संस्कारों और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस अध्यक्ष का सम्मान करती है, लेकिन राजनीतिक मतभेदों के बीच परिवार को निशाना बनाना अनुचित है। उन्होंने चेतावनी दी कि भाषा पर संयम नहीं रखने पर भाजपा देशभर में विरोध प्रदर्शन करेगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस के अभियान पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी वोट चोरी के मुद्दे पर राजनीतिक माहौल बनाने और लोगों में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण पहले भी होता रहा है।

एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन करना और मृत, दूसरे स्थान पर जा चुके अथवा एक से अधिक जगह दर्ज मतदाताओं के नामों की नियमानुसार जांच करना है। उन्होंने जोर दिया कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल हो और किसी योग्य मतदाता का मतदान अधिकार प्रभावित न हो। कांग्रेस की एक नवंबर को दिल्ली में प्रस्तावित रैली पर सवाल उठाते हुए सिकंदर कुमार ने कहा कि मतदाता सूची में अनियमितताओं के प्रमाण हैं तो उन्हें चुनाव आयोग या सक्षम न्यायिक मंच के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

जनता की समस्याओं को लेकर मंडल स्तर पर प्रदर्शन करेगी भाजपा : श्रीकांत शर्मा

भारतेन्दु संवाददाता, शिमला। भाजपा हिमाचल प्रदेश के प्रभारी एवं विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि पार्टी कांग्रेस सरकार की कथित विफलताओं और जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर मंडल एवं जिला स्तर पर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। कुल्लू में आयोजित भाजपा जिला संगठन की बैठक में श्रीकांत शर्मा ने संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ समितियों के सत्यापन और आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की।



उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए पदाधिकारियों को बूथ अध्यक्षों, समिति सदस्यों और पुराने कार्यकर्ताओं के साथ नियमित संपर्क बनाए रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि कुल्लू जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में 575 बूथ और 165 ग्राम केंद्र हैं। जिले के 12 मंडलों में विस्तारक पहुंच चुके हैं। बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत विस्तारक प्रत्येक बूथ पर एक दिन बिताकर घर-घर संपर्क करेंगे।

साथ ही बूथ समितियों और विभिन्न मोर्चों के सदस्यों की सक्रियता का सत्यापन किया जाएगा। इस कार्य को 15 से 20 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। शर्मा ने जिला पदाधिकारियों को अभियान की दैनिक समीक्षा करने तथा सक्रिय और निष्क्रिय बूथ समितियों की अलग-अलग सूची तैयार करने के निर्देश दिए। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए श्रीकांत शर्मा ने आरोप लगाया कि सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं और बेरोजगारी से जुड़े मुद्दों पर जनता परेशान है। उन्होंने कांग्रेस पर चुनावी गारंटियां पूरी नहीं करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को 1,500 रुपये देने की गारंटी, बंद योजनाओं, पंचायतों के विकास कार्यों और ग्रामीण समस्याओं को लेकर भाजपा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने प्रदेश में चिट्टे के बढ़ते कारोबार और कानून-व्यवस्था पर भी चिंता जताई। शर्मा ने कार्यकर्ताओं से इन मुद्दों पर जनजागरण अभियान चलाने और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने की अपील की। बैठक में जिला अध्यक्ष अमित सूद, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, विधायक लोपेंद्र, वरिष्ठ नेता अजय राणा सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और विभिन्न मोर्चों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कुप्रबंधन सनातन और धर्म का प्रचार रोकने के लिए सनातन विरोधी सुक्खू ने बंद किया संस्कृत महाविद्यालय

कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन से हिमाचल में बढ़ा संकट: जयराम ठाकुर

अनिल कुमार शर्मा, भारतेन्दु संवाददाता, शिमला/रामपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के नोगली में आयोजित पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह और कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकार के कुप्रबंधन के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने सुक्खू सरकार को 'लॉक और लोन' वाली सरकार बताते हुए कहा कि प्रदेश में विकास और कानून व्यवस्था दोनों प्रभावित हैं।



जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों और ग्रामीण क्षेत्रों की अनदेखी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता संभालने के बाद सरकार ने 2000 से अधिक सरकारी संस्थान बंद कर दिए, जबकि अब तक धरातल पर विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामपुर क्षेत्र की रुकी विकास परियोजनाओं को गति देने के साथ सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर आरोप लगाया कि प्रदेश के बजट का अधिकतर हिस्सा उनके गृह क्षेत्र नादौन और उनकी पत्नी के निर्वाचन क्षेत्र देहरा पर खर्च किया जा रहा है, जबकि अन्य 66 विधानसभा क्षेत्रों की अनदेखी हो रही है। जयराम ठाकुर ने चेतावनी दी कि भाजपा की सरकार बनने पर कांग्रेस के जनविरोधी फैसलों की समीक्षा कर बंद संस्थानों को दोबारा खोलने के लिए कदम उठाए जाएंगे।


प्रधानमंत्री के पिता पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर हमला: जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की निंदा की। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की बार-बार असफल राजनीतिक लॉन्चिंग से कांग्रेस में हताशा बढ़ रही है, जिसके कारण नेता मर्यादाएं लांघ रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों में हार के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा 2027 में बहुमत के साथ सत्ता में लौटेगी।

रामपुर में भाजपा मजबूत, 60 महिला मंडलों ने जॉइन की पार्टी

रामपुर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक आधार और परिवार लगातार मजबूत होता जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के 60 महिला मंडलों की सदस्यों ने जनविरोधी कांग्रेस पार्टी की नीतियों से तंग आकर भाजपा की विचारधारा, सुशासन और विकासपरक नीतियों में अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी का दामन थाम लिया। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भाजपा परिवार में शामिल हुईं सभी मातृशक्ति का हृदय से हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का यह अभूतपूर्व समर्थन और आशीर्वाद ही भारतीय जनता पार्टी की असली ताकत है, जो प्रदेश में जनसेवा, सुशासन तथा चहुंमुखी विकास के हमारे दृढ़ संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करता है। इस अवसर पर रामपुर से भाजपा के प्रत्याशी रहे युवा नेता कौल नेगी और जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण फाल्टा सहित कई वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।



देवमहाकुंभ
अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा



सुखविन्द्र सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री
हिमाचल प्रदेश



सुन्दर सिंह ठाकुर
विधायक विस क्षेत्र कुल्लू एवं
अध्यक्ष दशहरा उत्सव समिति



अनुराधा राणा
विधायक
लाहुल स्पीति



राम सिंह मियां
अध्यक्ष APMC
कुल्लू एवं लाहुल-स्पीति



गिरधारी लाल चौहान
जिला परिषद सदस्य
धाऊगी वार्ड



बुध राम
अध्यक्ष सैंज वैली
विकास समिति



टिकम राम
प्रगतिशील बागवान एवं
भाजपा युवा नेता मनाली



भूपिंदर कुमार गुप्ता
मैनेजिंग डायरेक्टर
मनाली फ्लोर मिल



पवन कुमार गुप्ता
डायरेक्टर
मनाली फ्लोर मि



आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र भारतेन्दु शिखर द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

धनेश गौतम
ब्यूरो चीफ भारतेंदु शिखर
कुल्लू एवं लाहुल स्पीति



AN ISO 9001-2015 CERTIFIED

"दशहरे की हार्दिक शुभकामनाएं"

Bhuttico
KULLU SHAWLS
SHAWLS, MUFFLERS, CAPS AND OTHER HANDMADE GARMENTS

THE BHUTTI WEAVERS
HANDLOOM & HANDICRAFTS CO-OP SOCIETY LTD.
BHUTTI COLONY KULLU (H.P.) PH.01902-260079
EMAIL: info@bhuttico.com WEBSITE: www.bhuttico.com

AVAIL 10% SPECIAL REBATE
(EXCEPT PLAIN SHAWLS, CAPS & PULLIES)
FROM 11 OCTOBER TO 8 NOVEMBER 2026
ON ALL SHOWROOMS & DUSSEHRA EXHIBITION STALL

एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
NHPC Limited
(A Government of India Navratna Enterprise)

Great Place To Work. Certified

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा - 2026
की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई



बाँध



विद्युत गृह

पार्बती-III पावर स्टेशन (520 मेगावाट)
बिहाली, जिला - कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)

www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

कृषि क्षेत्र में बड़ा बदलाव: फार्मर रजिस्ट्री और "श्री अन्न" से सशक्त होंगे किसान

1. फार्मर रजिस्ट्री (डिजिटल किसान पहचान)

यह देश के हर किसान की एक डिजिटल आईडी है, जिसमें आधार कार्ड, झमीत तथा जानकारी बुड़ी होती हैं।

अ) मुख्य लाभ

पी एम किसान और अन्य सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे खाते में

किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) और कृषि लोन आसानी से मिलना

सरकारी केन्द्रों पर फसल बेचने में आसानी तथा किसान को उसकी उपज का सही मूल्य।

ब) पंजीकरण कैसे करें?

किसान स्वयं राज्य के फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल https://hpfr.agristack.gov.in पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं, ...या अपने नजदीकी लोक मित्र केन्द्र में जाकर निःशुल्क पंजीकरण कर सकते हैं।

जरूरी दस्तावेज: आधार कार्ड, खसरा/खतौनी नं. तथा मोबाइल OTP के लिए।

2. मिलेट्स (श्री अन्न) का महत्व

बदलते जलवायु चक्र और कम बारिश के दौर में बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, कोदो, काऊणी और कुटकी जैसे मोटे अनाजों (मिलेट्स) की खेती किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है।

अ) किसानों के लिए मिलेट्स के फायदे:

मिलेट्स की फसलें सूखा-रोधी होती हैं और बेहद कम सिंचाई तथा कम उर्वरक में भी अच्छी पैदावार होती है।

मिलेट्स पोषक तत्वों (प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम और आयरन) से भरपूर होने के कारण मिलेट्स ...डायबिटीज और मोटापे जैसी बीमारियों से बचाते हैं।

साथ ही इनकी खेती से मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है।

ब) किसान अपील

किसानों से अपील है कि वह अपनी समय रहते फार्मर रजिस्ट्री पूरी करवाएँ और पारंपरिक फसलों के साथ-साथ 'श्री अन्न' की खेती को अपनाएँ।

CCS Cedar Crest School
Kalehli, Distt. Kullu

ADMISSION OPEN
REGISTER NOW! 2027-28

ZERO ADMISSION FEES

Nursery to Class V
Future CISCE affiliation / ICSE pathway

8628903897



Chairman: Bhupinder Pal Gupta
Manali Roller Flour Mills Pvt Ltd, Bajaura

Bus Facility | Day Boarding

BRILLIANT GLOBAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED

ADMISSION OPEN

Pre- Primary to Grade 9





@brilliantglobalkullu 8193000022 Shastri Nagar, Kullu

with best compliments from :

MANALI
ROLLER FLOUR MILLS PVT. LTD.
MRFM BAJAURA

BAJAURA, DISTT. KULLU (H.P.) - 175125
Ph. : 01902 - 265897, 265098, 266897, M. 9418001197, 9418001297, e-mail : manalimillsbajaura@gmail.com

Manufacturers :-
WHEAT ATTA (SPECIAL), WHEAT ATTA (CHAKKI) SOOJI/Rawa, Atta "Manali Fine" Atta"
MAIDA BAKERY SPECIAL, MAIDA HALWAI (SPECIAL) & WHEAT BRAN (CHOKAR)



BHUPINDER PAL GUPTA
(MANAGING DIRECTOR)
9418003897



PAWAN KUMAR GUPTA
(DIRECTOR)
9418000497

Nominee for Grinding of TPDS Atta



MRFM BAJAURA

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

CHRISTIAN NURSING COLLEGE
"Under The Techno-Medical Welfare Society (Regd.)"

RECOGNIZED BY:
H.P.N.R.C. (GOVT. OF H.P.), I.N.C. (GOVT. OF INDIA) &
AFFILIATED BY H.P. UNIVERSITY, SHIMLA



B.Sc. NURSING.
(DURATION 4 YEARS DEGREE COURSE)
ELIGIBILITY 10+2
WITH SCIENCE MEDICAL

G.N.M.
STAFF NURSE COURSE
(DURATION 3 YEARS)
ELIGIBILITY 10+2
WITH ANY STREAM

CONTACT DETAILS
Near Head Post Office, Dhalpur Kullu-175101 (H.P.)
Ph.: 01902-224639, 94180-08888, 70181-89461
70187-52766 FAX NO. 01902-225788
christianinstitution@gmail.com www.cnckullu.com

कुल्लू दशहरा उत्सव

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा 2026

की हार्दिक शुभकामनाएं



श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश



श्री सुन्दर सिंह ठाकुर
विधायक विधानसभा क्षेत्र कुल्लू एवं
अध्यक्ष दशहरा उत्सव समिति

देव महा समागम कुल्लू दशहरा के समापन अवसर पर

श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू

माननीय मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश
के पधारने पर हार्दिक अभिनंदन

मुख्य आकर्षण

- सांस्कृतिक संध्याएं
- ग्लोबल डांस
- लेज़र शो
- ड्रोन शो
- खेलकूद प्रतियोगिताएँ
- लालड़ी लोक नृत्य
- कुल्लू कार्निवाल



डा. अमित कुमार शर्मा, भा.प्र.से.
उपायुक्त कुल्लू एवं उपाध्यक्ष
कुल्लू दशहरा उत्सव समिति



अभिषेक एस., भा.पु.से.
पुलिस अधीक्षक, कुल्लू

आयोजक – दशहरा उत्सव समिति, कुल्लू (हि.प्र.)

पंजाब में 100 मिनी बसें शुरू, ग्रामीण परिवहन नेटवर्क मजबूत करने की मुख्यमंत्री भगवंत मान की पहल

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पटियाला में बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



भारतेंदु संवाददाता, पटियाला। पंजाब सरकार ने प्रदेश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सोमवार को 100 नई मिनी बसों की शुरुआत की। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पटियाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सरकार की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में परिवहन सुविधाओं का विस्तार करना और लोगों को आवागमन के बेहतर विकल्प उपलब्ध कराना है। इन बसों का संचालन नौ डिपो से शुरू किया गया है।

राज्य सरकार सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क को मजबूत करने के लिए बसों की संख्या बढ़ाने पर जोर दे रही है। नई मिनी बसों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को फायदा मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए यह सुविधा उपयोगी हो सकती है, जिन्हें रोजमर्रा के कामों, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के लिए आसपास के शहरों तक पहुंचना पड़ता है। बस सेवा की उपलब्धता बेहतर होने से लोगों की आवाजाही आसान हो सकती है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पटियाला में 100 मिनी बसों को हरी झंडी दिखाकर सेवा की शुरुआत की। इन बसों को प्रदेश के नौ डिपो से संचालित किया जाएगा।

सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच सार्वजनिक परिवहन की कनेक्टिविटी बेहतर बनाई जाए। मिनी बसों के जरिए यात्रियों को अतिरिक्त परिवहन विकल्प उपलब्ध कराने की योजना है। ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन का महत्व अधिक है, क्योंकि बड़ी संख्या में लोग अपने दैनिक कार्यों के लिए आसपास के कस्बों और शहरों पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में बस सेवाओं का विस्तार उनकी जरूरतों को पूरा करने में मदद कर सकता है। बेहतर परिवहन व्यवस्था से यात्रियों को आने-जाने के लिए अधिक सुविधाजनक विकल्प मिल सकते हैं। सरकार की योजना के अनुसार, अगले महीने परिवहन बेड़े में 309 और बसें शामिल की जाएंगी। इससे राज्य में सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के विस्तार को आगे बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। अतिरिक्त बसों के शामिल होने से परिवहन व्यवस्था की क्षमता बढ़ सकती है और यात्रियों की जरूरतों के अनुरूप सेवाओं को मजबूत किया जा सकता है। पंजाब सरकार की ओर से बसों की संख्या बढ़ाने की यह पहल ग्रामीण नेटवर्क को बेहतर बनाने के प्रयास के रूप में देखी जा रही है। हालांकि, नई बसों के अलग-अलग मार्गों, किराये और समय-सारिणी को लेकर विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है। इन पहलुओं का निर्धारण संबंधित परिवहन विभाग की व्यवस्था के अनुसार होगा।

सड़क निर्माण पूरा होने के बाद सेक्टर-33 के निवासियों को हिसार-सिरसा मार्ग तक पहुंचने के लिए सीधा रास्ता उपलब्ध होगा। इससे लोगों को शहर के अंदर से होकर जाने की जरूरत कम पड़ेगी और समय की बचत होगी। खासकर रोजाना अपने काम, कारोबार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आने-जाने वाले लोगों को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। सड़क बनने से सेक्टर की कनेक्टिविटी में सुधार होगा और स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो सकेगी। फिलहाल निर्माण एजेंसी की ओर से सड़क की डी-मार्किंग और लेवलिंग का काम शुरू किया गया है। शुरुआती प्रक्रिया पूरी होने के बाद सड़क निर्माण का अगला चरण शुरू होगा। करीब 550 मीटर लंबी इस सड़क पर 2.25 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का अनुमान है।

रेखा गुप्ता ने किया नमो यमुना क्रूज का निरीक्षण

छठ महापर्व पर दिल्लीवासियों को मिल सकती है यमुना में क्रूज सफारी की सौगात

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली। दिल्लीवासियों को जल्द ही यमुना नदी में क्रूज की सवारी करने का अवसर मिल सकता है। दिल्ली सरकार छठ महापर्व के अवसर पर नमो यमुना क्रूज सफारी शुरू करने की तैयारी में जुटी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा के साथ यमुना नदी में प्रस्तावित क्रूज का निरीक्षण किया और परियोजना की तैयारियों का जायजा लिया। सरकार का उद्देश्य इस पहल के माध्यम से राजधानी में नदी पर्यटन को बढ़ावा देना और यमुना को पर्यटन गतिविधियों से जोड़ना है। योजना के तहत सोनिया विहार से जगतपुर तक क्रूज चलाने का प्रस्ताव है। इसमें एक बार में लगभग 30 यात्री सफर कर सकेंगे। हालांकि, आम लोगों के लिए सेवा शुरू होने की अंतिम तारीख और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।



सोनिया विहार से जगतपुर तक 30 यात्री कर सकेंगे सफर।

◆ पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा के साथ सीएम ने किया निरीक्षण

छठ महापर्व के दौरान दिल्ली में यमुना नदी और उसके घाटों का विशेष महत्व रहता है। ऐसे में सरकार इस अवसर पर क्रूज सफारी की शुरुआत करने की संभावनाओं पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान क्रूज संचालन से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। इस परियोजना को नमो यमुना क्रूज सफारी नाम दिया गया है। इसके शुरू होने से राजधानी में मनोरंजन और पर्यटन के नए विकल्प उपलब्ध होने की उम्मीद है। साथ ही, यमुना नदी के आसपास पर्यटन गतिविधियों को विकसित करने की दिशा में भी इसे महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

प्रस्तावित योजना के अनुसार, क्रूज सफारी का संचालन सोनिया विहार से जगतपुर के बीच किया जाना है। इस मार्ग पर यात्रियों को यमुना नदी में नौका विहार जैसा अनुभव मिलेगा। क्रूज की क्षमता लगभग 30 यात्रियों की बताई गई है। हालांकि, यात्रा की अवधि, प्रतिदिन चलने वाले फेरों की संख्या और संचालन के समय को लेकर अभी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

टिकट बुकिंग और किराये पर घोषणा का इंतजार

क्रूज सफारी को लेकर लोगों के बीच टिकट बुकिंग, किराये और यात्रा की उपलब्धता को लेकर उत्सुकता है। हालांकि, सोमवार को किए गए निरीक्षण के बाद भी टिकटों की कीमत, ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया और आधिकारिक बुकिंग माध्यम के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। इसलिए यात्रियों को सलाह है कि बुकिंग शुरू होने से संबंधित जानकारी के लिए दिल्ली सरकार और पर्यटन विभाग की आधिकारिक घोषणाओं पर नजर रखें। दिल्ली सरकार की इस पहल से राजधानी में पर्यटन के नए अवसर विकसित होने की उम्मीद है। यदि नमो यमुना क्रूज सफारी शुरू होती है, तो स्थानीय निवासियों के साथ दिल्ली घूमने आने वाले पर्यटकों को भी नदी में सैर का नया विकल्प मिल सकेगा।

दिल्ली में 1 नवंबर से बीएस-4 वाहनों की एंट्री पर रोक

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए एक नवंबर से कई नए नियम लागू किए जाने की तैयारी है। इनका असर वाहन चालकों के साथ सरकारी और निजी कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों पर भी पड़ेगा। प्रस्तावित उपायों के तहत बीएस-4 श्रेणी के वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने और 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम को सख्ती से लागू करने की बात कही गई है। इसके अलावा सरकारी और निजी कार्यालयों में 50 प्रतिशत कर्मचारियों को घर से काम करने की व्यवस्था लागू करने की तैयारी है। सर्दियों की शुरुआत से पहले ही दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में पहुंचने लगा है। ठंड बढ़ने के साथ प्रदूषण की स्थिति और गंभीर होने की आशंका रहती है। ऐसे में प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों पर नियंत्रण के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। वाहनों से निकलने वाले धुएं पर अंकुश लगाने के साथ पराली जलाने की घटनाओं पर निगरानी के लिए टीमें भी तैनात की जाएंगी।

फरीदाबाद में प्रदूषण नियंत्रण के दावे फेल, 25 निर्माण स्थलों को नोटिस



भारतेन्दु संवाददाता, फरीदाबाद। शहर में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का पहला चरण लागू होने के बावजूद निर्माण स्थलों पर नियमों की अनदेखी सामने आई है। निर्माणाधीन साइटों पर धूल रोकने के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जाने से प्रदूषण बढ़ने की आशंका है। इस लापरवाही पर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सख्ती दिखाते हुए 25 निर्माण स्थलों को नोटिस जारी किए हैं।

दशहरा के बाद प्रदूषण का स्तर बढ़ने के मद्देनजर निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करना जरूरी है। इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगर निगम को पत्र लिखकर निर्देश दिए थे कि निगम की ओर से जहां भी निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं, वहां धूल को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके बावजूद निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नियमों का पालन नहीं होता पाया गया।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने पिछले तीन दिनों में शहर के 50 से अधिक निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई साइटों पर निर्माण सामग्री खुले में रखी मिली। सामग्री को ढकने की व्यवस्था नहीं की गई थी। इसके अलावा धूल को नियंत्रित करने के लिए पानी के छिड़काव के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं मिले।

गाजियाबाद के सिकंदपुर गांव की सड़क एक साल से बदहाल, शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं



भारतेन्दु संवाददाता, गाजियाबाद। साहिबाबाद क्षेत्र के सिकंदपुर गांव में प्राइमरी स्कूल तक जाने वाली सड़क करीब एक साल से बदहाल है। सड़क की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चों को भी रोजाना आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम की ओर से समस्या का समाधान नहीं कराया गया। यहां तक कि मानवाधिकार आयोग के आदेश के बाद भी सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार, सड़क कई स्थानों पर टूटी हुई है। कहीं सड़क ऊंची है तो कहीं नीची, जबकि बीच में सड़क खोद दिए जाने से आवागमन और मुश्किल हो गया है। इसके अलावा नालियां भी ओवरफ्लो हो रही हैं। ऐसे में लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक दिक्कत स्कूल जाने वाले बच्चों को होती है। स्थानीय निवासी रमेश कुमार का कहना है कि सड़क की खराब हालत के कारण कई

◆ एक साल से सड़क की मरम्मत का इंतजार, स्कूली बच्चों की राह मुश्किल

बार बच्चे गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम लाल शर्मा ने बताया कि उन्होंने करीब एक साल में आईजीआरएस पोर्टल पर तीन बार शिकायत की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। नगर निगम की ओर से सड़क निर्माण के लिए आकलन तैयार किए जाने की जानकारी दी गई थी। इसके बाद उन्होंने मानवाधिकार आयोग में शिकायत की। आयोग ने पिछले महीने नगर निगम को सड़क बनवाने का आदेश दिया, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हुआ है।

जामिया में छात्रसंघ चुनाव का रास्ता साफ, 15 दिन बाद होगा मतदान


भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया में छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोमवार को कई अहम फैसले लिए। प्रशासन ने करीब दो दशक बाद छात्रसंघ चुनाव कराने का एलान किया है। 26 अक्तूबर को रजिस्ट्रार कार्यालय से जारी लिखित आदेश के अनुसार, छात्रसंघ का चुनाव संगठन के संविधान को मंजूरी मिलने की तारीख से 15 दिनों के बाद कराया जाएगा। इसके साथ ही विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों को जारी किए गए निलंबन और कारण बताओ नोटिस तत्काल वापस लेने का निर्णय लिया गया है। प्रशासन ने प्रदर्शन के दौरान सुरक्षाकर्मियों की कार्रवाई की जांच के लिए समिति गठित करने की भी घोषणा की है। आंदोलन के दौरान रिदा नौशाद, जासिम और रेहान हैदर ने अपनी भूख हड़ताल समाप्त कर दी है। हालांकि, एबिन और रेहान पंवार अब भी भूख हड़ताल पर हैं। दोनों प्रशासन के साथ हुए समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं, इसके बावजूद उन्होंने अपना आंदोलन जारी रखा है। इस बीच, विश्वविद्यालय प्रशासन की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने तीन सांसदों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें कांग्रेस के लोकसभा सांसद इमरान मसूद, राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी शामिल हैं।

◆ सुरक्षाकर्मियों की कार्रवाई की होगी जांच

दिल्ली का एक्यूआई गिरा, तीन इलाकों में हवा खराब

दिल्ली में प्रदूषण से पूरी तरह राहत नहीं, तीन इलाकों में एक्यूआई 200 के पार

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली


दिल्ली में पीएम 2.5 बना सबसे बड़ा प्रदूषक।

राजधानी दिल्ली में सोमवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में मामूली सुधार दर्ज किया गया, लेकिन कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर अब भी चिंता का विषय बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह 7:05 बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 164 दर्ज किया गया, जबकि रविवार को यह 167 था। इस तरह एक्यूआई में तीन अंकों की गिरावट आई है। हालांकि, राजधानी के तीन इलाकों में वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई। विवेक विहार में एक्यूआई 235, आरके पुरम में 223 और नरेला में 217 रहा। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि औसत स्तर में मामूली सुधार के बावजूद कुछ क्षेत्रों में प्रदूषण का प्रभाव बना हुआ है।

सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, विवेक विहार में सबसे अधिक 235 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके बाद आरके पुरम में 223 और नरेला में 217 एक्यूआई रहा। बोर्ड के मानकों के मुताबिक, 101 से 200 के बीच एक्यूआई मध्यम और 201 से 300 के बीच खराब श्रेणी में आता है। दिल्ली के 60 वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से 55 के आंकड़े उपलब्ध थे। इनमें 30 केंद्रों पर पीएम 2.5 प्रमुख प्रदूषक के रूप में सामने आया। पीएम 2.5 के सूक्ष्म कण सांस के साथ फेफड़ों के भीतर तक पहुंच सकते हैं और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

राजधानी में वायु प्रदूषण के प्रमुख

◆ विवेक विहार, आरके पुरम और नरेला में हालात खराब

कारणों में वाहनों से निकलने वाला धुआं, सड़कों की धूल, निर्माण गतिविधियां, औद्योगिक उत्सर्जन और ईंधन जलाना शामिल हैं। हवा की गति कम होने पर प्रदूषक वातावरण में जमा रह सकते हैं, जिससे वायु गुणवत्ता प्रभावित होती है। पीएम 10 में धूल सहित अपेक्षाकृत बड़े कण शामिल होते हैं, जबकि पीएम 2.5 के कण आकार में बहुत छोटे होते हैं। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए 21 अक्टूबर से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का पहला चरण लागू है। इसके तहत खुले में खाने-पीने की जगहों और प्रतिष्ठानों में तंदूर के लिए कोयले तथा लकड़ी के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है।

कनाडा में नौकरी का झांसा, बवाना में कराई फायरिंग, दो गिरफ्तार

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के बवाना स्थित पूठ खुर्द में हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने अरुण शर्मा और सूरज को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपितों को वारदात को अंजाम देने के बदले 40 हजार रुपये देने और कनाडा बुलाकर नौकरी दिलाने का लालच दिया गया था। दोनों आरोपितों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

◆ हिमांशु भाऊ गिरोह से संपर्क का शक, दो आरोपी दबोचे



पुलिस के अनुसार, वारदात के दौरान अरुण शर्मा मोटरसाइकिल चला रहा था, जबकि सूरज ने कथित तौर पर फायरिंग की थी। जांच में यह भी सामने आया कि अरुण शर्मा इंस्टाग्राम के माध्यम से हिमांशु भाऊ गिरोह के करीबी नितिन डबास उर्फ विक्की हड्डुल के संपर्क में आया था। इसके बाद दोनों के बीच वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल (वीओआइपी) एप के जरिए भी बातचीत हुई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अरुण ने इस वारदात में अपने दोस्त सूरज को भी शामिल होने के लिए तैयार किया था।

पुलिस अब आरोपितों से पूछताछ कर वारदात की पूरी साजिश, कथित साजिशकर्ताओं की भूमिका और गिरोह से उनके संपर्कों की जांच कर रही है। अधिकारियों का प्रयास है कि फायरिंग के पीछे के उद्देश्य और इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा सके।

गाजियाबाद में कुत्ते को बचाने में पलटा ऑटो, चालक की मौत

भारतेन्दु संवाददाता, गाजियाबाद। पाइपलाइन मार्ग पर सोमवार सुबह सड़क पर अचानक आए कुत्ते को बचाने के प्रयास में एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान लोनी के बंथला फ्लाईओवर के पास रहने वाले सोनू कुमार (36) पुत्र बाबू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सोनू कुमार सोमवार सुबह करीब 8:25 बजे ऑटो लेकर पाइपलाइन मार्ग से गुजर रहे थे। जब वह लांघई कॉलोनी कट के पास पहुंचे, तभी अचानक एक कुत्ता उनके ऑटो के सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के लिए उन्होंने ब्रेक लगाए, लेकिन ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल चालक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), मुरादनगर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल गाजियाबाद रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में सुबह करीब 10:35 बजे चिकित्सकों ने सोनू कुमार को मृत घोषित कर दिया।

पलवल में डीएपी की कमी से किसान बेहाल

सिफारिश वालों को प्राथमिकता, आम किसानों को इंतजार का आरोप

भारतेन्दु संवाददाता, पलवल


पलवल में डीएपी के लिए मारामारी।

गेहूं और सरसों की बिजाई के बीच जिले में डीएपी खाद की कमी से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। खाद लेने के लिए किसानों को घंटों लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है। सोमवार को माल गोदाम रोड स्थित कृषक भारती सेवा केंद्र पर सुबह छह बजे से ही किसानों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। खाद लेने की उम्मीद में किसान सुबह से दोपहर तक इंतजार करते रहे। कई किसान दोपहर दो बजे तक भी कतारों में खड़े दिखाई दिए। खाद के लिए लंबा इंतजार करने के कारण किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सेवा केंद्र पर किसानों की बढ़ती भीड़ के कारण माल गोदाम रोड पर जाम की स्थिति बन गई। खाद लेने पहुंचे किसानों के ट्रैक्टर और ट्रॉलियां सड़क पर खड़े होने से यातायात प्रभावित हुआ। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ी। किसानों का कहना है कि गेहूं और सरसों की बिजाई का समय चल

◆ छह बजे से कतार में किसान, दोपहर तक नहीं मिली खाद

रहा है। ऐसे में डीएपी खाद समय पर नहीं मिलने से उनकी खेती प्रभावित होने की आशंका है। किसानों को चिंता है कि यदि समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुई तो बिजाई में देरी हो सकती है।

किसानों ने खाद वितरण व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि सेवा केंद्र पर सिफारिश लेकर आने वाले लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि सामान्य किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। लंबी कतारों में खड़े किसानों को खाने-पीने तक की सुविधा नहीं मिल पा रही है। किसानों ने मांग की कि खाद की उपलब्धता बढ़ाने के साथ वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए, ताकि सभी किसानों को जरूरत के अनुसार खाद मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की, जिससे बिजाई के महत्वपूर्ण समय में किसानों को राहत मिल सके।

इंस्टाग्राम पर 799 रुपये की कुर्ती के नाम पर ठगी, खुला 30 करोड़ का सिंडिकेट

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली। इंस्टाग्राम पर कुर्ती खरीदने के नाम पर दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा से हुई 6,450 रुपये की ठगी की जांच में नार्थ जिला पुलिस ने 30 करोड़ रुपये से अधिक के साइबर फ्रॉड नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने ग्रेटर नोएडा और कानपुर में छापेमारी कर सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपित फर्जी कंपनियां बनाकर बैंक खाते खुलवाते थे और कमीशन के बदले साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे। इन खातों में 30 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन का पता चला है। देश के अलग-अलग राज्यों से इस नेटवर्क से जुड़ी धोखाधड़ी की 27 शिकायतें भी मिली हैं।

◆ 20 मोबाइल, 45 सिम और 39 पीओएस मशीनें बरामद, 30 करोड़ के लेनदेन की जांच

पुलिस के अनुसार, प्रयागराज की रहने वाली और दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज की छात्रा फातिमा ने साइबर नार्थ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्हें इंस्टाग्राम पर 'काव्य कुर्ती हब' नाम के खाते पर कुर्ती का विज्ञापन दिखाई दिया। व्हाट्सएप के माध्यम से 799 रुपये की कुर्ती का ऑर्डर देने पर उन्होंने 400 रुपये अग्रिम भुगतान किया। इसके बाद पार्सल की डिलीवरी और रकम वापस करने के नाम पर उनसे अलग-अलग किस्तों में कुल 6,450 रुपये वसूल लिए गए। न तो कुर्ती पहुंची और न ही पैसे वापस मिले। इस संबंध में चार सितंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने करीब 200 मोबाइल नंबरों और आइएमईआइ की पड़ताल की। डिजिटल रिकॉर्ड और बैंक लेनदेन की जांच के बाद पुलिस ग्रेटर नोएडा स्थित कंपनियों तक पहुंची। 16 अक्टूबर को छापेमारी में छह आरोपितों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 21 अक्टूबर को कानपुर से सातवें आरोपित उदित प्रताप सिंह भदौरिया को पकड़ा गया।

प्रदर्शन भाजपा का विरोध, दिल्ली में कार्यकर्ताओं ने लगाए नारे

खड़गे के बयान के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर राजनीतिक विवाद बढ़ गया है। बयान के विरोध में सोमवार को दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने खड़गे के आवास के पास प्रदर्शन किया और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से भी इस मामले में माफी मांगने की मांग उठाई।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजाजी मार्ग स्थित खड़गे के आवास के निकट एकत्र होकर कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा भी शामिल हुए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के बारे में इस तरह की भाषा का इस्तेमाल उचित नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से अपने बयान पर स्पष्टीकरण देने और सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

मोदी पर टिप्पणी से बढ़ा विवाद आमने-सामने भाजपा-कांग्रेस


प्रधानमंत्री पर टिप्पणी को लेकर उठा यह विवाद अब राजनीतिक बहस का विषय बन गया है। भाजपा जहां खड़गे के बयान को लेकर विरोध दर्ज करा रही है, वहीं इस घटनाक्रम से दोनों प्रमुख दलों के बीच टकराव बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। फिलहाल, दिल्ली में खड़गे के आवास के निकट हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया।

प्रदर्शनकारी सेना भवन सर्किल से होते हुए खड़गे के आवास की ओर बढ़ रहे थे। हालांकि, पुलिस ने उन्हें राजाजी मार्ग पर ही रोक दिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी तैनात रहे। प्रदर्शनकारियों ने वहीं रुककर विरोध जताया और कांग्रेस अध्यक्ष के बयान के खिलाफ नारे लगाए।

◆ खड़गे और राहुल गांधी से मांगा जवाब

विवाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के रविवार को एक सभा में दिए गए भाषण के बाद शुरू हुआ। उनके बयान को लेकर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे प्रधानमंत्री के प्रति अपमानजनक बताते हुए कांग्रेस नेतृत्व से जवाब मांगा। इसके बाद दिल्ली समेत विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से विरोध प्रदर्शन किए जाने की खबरें सामने आईं। भाजपा की ओर से खड़गे के साथ राहुल गांधी से भी माफी मांगने की मांग की गई। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा बनाए रखना आवश्यक है।

फरीदाबाद और नूंह से जुटेंगे 15 हजार कांग्रेस समर्थक

एक नवंबर को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की रैली, तीन जिलों से जुटेंगे कार्यकर्ता

भारतेन्दु संवाददाता, नई दिल्ली



वोट चोरी और महंगाई के मुद्दे पर दिल्ली में जुटेगा विपक्ष।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पर्यवेक्षक कृष्णा तीरथ ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसने वोट चोरी के जरिए सत्ता हासिल की है। उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई, बेरोजगारी और आम जनता की बुनियादी समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। एक नवंबर को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली में पलवल, फरीदाबाद और नूंह से करीब 15 हजार कांग्रेस समर्थक शामिल होंगे।

रविवार को पलवल के ओमेक्स सिटी स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय में तीनों जिलों के कांग्रेस नेताओं की संयुक्त पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसमें कृष्णा तीरथ ने रैली की तैयारियों और मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी आम लोगों के लिए बड़ी समस्याएं बनी हुई हैं। युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं, जबकि महंगाई के कारण परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार इन समस्याओं के समाधान के बजाय दूसरे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

कृष्णा तीरथ ने कहा कि कांग्रेस जनता से जुड़े सवालों को प्रमुखता से उठाएगी। एक नवंबर को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से रैली में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल, पृथला के विधायक रघुबीर तेवतिया, पलवल जिला कांग्रेस अध्यक्ष नेत्रपाल अधाना, फरीदाबाद जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक और नूंह जिला अध्यक्ष शहीदा खान मौजूद रहे। इसके अलावा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष उदयभान के पुत्र देवेश भी बैठक में शामिल हुए।

कांग्रेस नेताओं ने तीनों जिलों में कार्यकर्ताओं से संपर्क कर रैली के लिए लोगों को जुटाने की तैयारियों पर चर्चा की। पार्टी का लक्ष्य पलवल, फरीदाबाद और नूंह से लगभग 15 हजार समर्थकों को दिल्ली पहुंचाना है। इसके लिए स्थानीय नेताओं और संगठन के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।

न्यूज ब्रीफ

कॉम्प्लेक्स प्रणाली के विरोध में धुंधन के शिक्षकों ने लगाए काले बैज



भारतेन्दु संवाददाता, अर्की। प्रदेश सरकार की ओर से लागू की जा रही कॉम्प्लेक्स प्रणाली के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ खंड धुंधन के शिक्षकों ने काले बैज लगाकर विरोध दर्ज करवाया। निपुण कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने काले बैज लगाकर शिक्षण कार्य किया और सरकार के फैसले पर नाराजगी जताई। प्राथमिक शिक्षक संघ खंड धुंधन के प्रधान ने कहा कि कॉम्प्लेक्स प्रणाली अव्यावहारिक है और इससे प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि इस व्यवस्था के लागू होने से प्राथमिक शिक्षा कमजोर होगी और प्रदेश में कार्यरत लगभग 10 हजार मिड-डे मील कार्यकर्ताओं की नौकरियों पर भी संकट खड़ा हो सकता है। शिक्षकों ने सरकार से कॉम्प्लेक्स प्रणाली को तत्काल वापस लेने तथा मौजूदा प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि नीतिगत फैसले लेते समय शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए। इस दौरान खंड के जेबीटी, सीएचटी और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

चौहार घाटी में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया डंगर माल पर्व

भारतेन्दु संवाददाता, बरोट। मंडी जिले की चौहार घाटी के दुर्गम गांवों में सोमवार को डंगर माल लोकपर्व पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार लोगों ने गायों, बैलों और बछड़ों को फूलमालाओं से सजाकर उनकी पूजा-अर्चना की। कई गांवों में पशुओं की संख्या के अनुसार पत्थर रखकर उनके ऊपर आटे से बने चार भुजाओं वाले गरेलू अर्पित किए गए और भगवान शिव का स्मरण किया गया। इस अवसर पर 28 अक्तूबर को लपास तथा 29 अक्तूबर को गुराहला में देव पशाकोट और देव गहरी की देव जातर आयोजित होगी। दोनों देवताओं के भव्य मिलन को देखने के लिए चौहार घाटी, छोटाभंगाल और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। उधर, छोटाभंगाल घाटी के देव गहरी ने नेर से सह स्थित माता मंदिर पहुंचकर देव खेल का प्रदर्शन किया। इसके बाद शाम को देवता विधिविधान से अपने मूल स्थान लौट आए।

प्रो. सपना बंटा के निधन से शिक्षा जगत में शोक

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। राजकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला की पूर्व प्राचार्य प्रो. सपना बंटा के निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर है। विज्ञान विषय की मेधावी छात्रा और स्वर्ण पदक विजेता रहीं प्रो. बंटा 30 अप्रैल 2022 को प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुई थीं। वह पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं। उनके निधन पर सहयोगियों, विद्यार्थियों और शिक्षाविदों ने गहरा दुख व्यक्त किया तथा उनके योगदान को याद किया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के प्रो. संजय शर्मा ने उन्हें मददगार और समर्पित शिक्षिका बताया। डॉ. सविता सिंह ने उनके व्यक्तित्व और कार्यक्षमता की सराहना की, जबकि राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने इसे शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। पूर्व विद्यार्थियों ने भी उन्हें प्रेरणास्रोत और मार्गदर्शक बताते हुए श्रद्धांजलि दी। उनके सहयोगियों के अनुसार, प्रो. बंटा ने अनुशासन, समर्पण और मानवीय संवेदनाओं के माध्यम से कई पीढ़ियों का भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कुल्लू दशहरा में मेगा रक्तदान शिविर, नर्सिंग विद्यार्थियों ने किया रक्तदान



भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान अटल सदन में मेगा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। युवाथॉन फाउंडेशन और भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी कुल्लू ने द मिस्टिक सोल कैफे के सहयोग से इस शिविर का आयोजन किया। शिविर में क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज ढालपुर के चार अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों और कॉलेज के कार्यवाहक सहायक निदेशक सैमुअल मसीह ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों ने भी शिविर की व्यवस्थाओं में सहयोग देकर आयोजन को सफल बनाया। रक्तदान करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, रक्तदाताओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को रक्तदान के महत्त्व के प्रति जागरूक करना तथा समाज में मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना रहा। कॉलेज की इस पहल ने विद्यार्थियों को जरूरतमंदों की सहायता और जीवन बचाने के लिए प्रेरित किया। रक्तदान के माध्यम से विद्यार्थियों ने मानवता की सेवा का संदेश दिया और चिकित्सा क्षेत्र में सेवा भावना के महत्व को उजागर किया।

वोट के अधिकार पर हमला लोकतंत्र पर वार: हरीश




भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। कांग्रेस सांसद हरीश चंद्र मीणा ने धर्मशाला में प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है और मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ियों से इस अधिकार को नुकसान पहुंच रहा है। मीणा ने आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम बिना उचित कारण सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए चुनाव आयोग की जवाबदेही पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देशभर में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रही है। केंद्र सरकार की नीतियों पर निशाना साधते हुए उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी और निजीकरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार बनाने और बदलने का अधिकार जनता के पास है। मीणा ने दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित विपक्षी आंदोलन का भी उल्लेख किया। प्रेस वार्ता में राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा, देवेंद्र जग्गी और अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

चौंतड़ा में बुनियादी शिक्षा पर दिया जोर

भारतेन्दु संवाददाता, जोगिंद्रनगर। चौंतड़ा स्थित खंड विकास अधिकारी कार्यालय में प्राथमिक शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के तीसरे दिन शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता, गणितीय कौशल और गतिविधि आधारित शिक्षण के तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में प्रथम संस्था और देवी संस्थान के सहयोग से संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है। इसमें निपुण भारत मिशन, अल्फा और एसएनएस स्पर्श कार्यक्रम प्रमुख हैं। शिक्षकों को कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों की भाषा, पठन, लेखन और गणितीय समझ विकसित करने के तरीके बताए गए। इसके अतिरिक्त स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम, निपुण उत्सव और सरकारी अनुदान के उचित उपयोग पर भी चर्चा की जाएगी। आगामी सत्रों में बच्चों को गुड टच-बैड टच के प्रति जागरूक करने संबंधी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षण क्षमता बढ़ाना और प्राथमिक स्तर पर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, रोचक तथा प्रभावी शिक्षा उपलब्ध करवाना है।

शूलिनी विश्वविद्यालय में आधुनिक मीडिया स्टूडियो और स्मार्ट कक्षाओं का उद्घाटन



भारतेन्दु संवाददाता, सोलन। शूलिनी विश्वविद्यालय ने अपने एफ ब्लॉक में आधुनिक मीडिया स्टूडियो, स्मार्ट कक्षाओं और सहयोगात्मक अध्ययन क्षेत्र का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं से मीडिया एवं उदार कला संकाय के विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा। सुविधाओं का उद्घाटन कुलपति प्रो. पी.के. खोसला और सह-कुलपति प्रो. विशाल आनंद ने किया। इस अवसर पर डीन प्रो. निष्ठा शुक्ला आनंद भी उपस्थित रहीं। नए टेलीविजन स्टूडियो में बेहतर ध्वनि व्यवस्था और पॉडकास्ट निर्माण की सुविधाएं उपलब्ध हैं। रेडियो स्टूडियो में विद्यार्थी रिकॉर्डिंग, पटकथा लेखन और संपादन का अभ्यास कर सकेंगे। स्मार्ट कक्षाओं में स्पर्श आधारित डिजिटल बोर्ड लगाए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इन सुविधाओं से विद्यार्थियों की रचनात्मकता, व्यावहारिक कौशल और शोध को बढ़ावा मिलेगा।

सीएम ने कुल्लू, बंजार में 206.32 करोड़ की 25 विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास

सुक्खू ने रखीं विकास कार्यों की आधारशिलाएं, सड़कों, बिजली उपकेंद्रों व पार्किंग सुविधा पर दिया जोर

धनेश गौतम, भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कुल्लू जिले के कुल्लू और बंजार विधानसभा क्षेत्रों में 206.32 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए।

मुख्यमंत्री के अनुसार, इन परियोजनाओं में कुल्लू विधानसभा क्षेत्र की पांच परियोजनाएं शामिल हैं, जबकि बंजार विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण, बिजली उपकेंद्र और पार्किंग सुविधा से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के पिरड़ी में पिरड़ी-तरलोगी मार्ग पर 28.35 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 110 मीटर लंबे पुल का भूमि पूजन किया। इसके अलावा मोहल में 7.25 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 33 केवी सब-स्टेशन, कुल्लू में 8.07 करोड़ रुपए से बनने वाले जीआईसी सब-स्टेशन तथा शास्त्री नगर में 20.57 करोड़ रुपए की लागत से



बनने वाले वेलनेस सेंटर का शिलान्यास किया। बंजार विधानसभा क्षेत्र में सड़क संपर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से कई सड़कों के निर्माण कार्यों की आधारशिलाएं रखी गईं। इनमें पीएमजीएसवाई-चार के तहत धारा-बरसोगी सड़क पर 8.88 करोड़ रुपये, नजन नाला से नजन सड़क पर 81 लाख रुपये, थेला-जस्ता-परली मार्ग पर 6.81 करोड़ रुपये, बरनगी से मस्यार मार्ग पर 9.74 करोड़ रुपये, बरनगी-चिपनी मार्ग पर 1.09 करोड़ रुपये तथा सिधवा-गौरीगढ़ से थनिचर मार्ग पर 8.80 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त देउरी-सुनाड़ सड़क पर 11.97 करोड़ रुपये, बीणी से खंदरागी सड़क पर 3.05 करोड़ रुपये, चलेहण से देवगढ़ सड़क पर 6.35 करोड़ रुपये, घरटगाड़ से कड़ाहील सड़क पर 3.05 करोड़ रुपये तथा बठाड़ से शीलश्रृंगाड़ सड़क पर 9.45 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बागी कोठी-चौहनी से मियागी सड़क के लिए 7.03 करोड़ रुपये, देउठा से ज्वाली सड़क के लिए 5.29 करोड़ रुपये, गुशैणी-पेखड़ी सड़क से तिंदर गांव तक सड़क निर्माण के लिए 8.49 करोड़ रुपये और बलागाड़ से भरठीधार सड़क के लिए 3.84 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसी तरह डिंबर-चहरी से गुशैणी सराज सड़क पर 10.63 करोड़ रुपये, टील से बछुट सड़क पर 4.30 करोड़ रुपये, मंढी संपर्क सड़क पर 3.63 करोड़ रुपये, गलवाधार से रांभी सड़क पर 4.52 करोड़ रुपये तथा जीभी-रशाला-सरठी सड़क पर 9.15 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों की आधारशिलाएं रखीं। बिजली और पार्किंग सुविधाओं को भी परियोजनाओं में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने गुशैणी में 2.73 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 33 केवी सब-स्टेशन का शिलान्यास किया। वहीं, नगर पंचायत बंजार के रौ-नाला में 5.62 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बहुमंजिला पार्किंग का उद्घाटन किया।

नलसर के इंजीनियर रेवती रमण बने एसजेवीएन के महाप्रबंधक, बल्ह का बढ़ाया मान

भारतेन्दु संवाददाता, नेरचौक। मंडी जिले के बल्ह क्षेत्र के नलसर गांव निवासी इंजीनियर रेवती रमण को एसजेवीएन लिमिटेड में महाप्रबंधक पद पर पदोन्नति मिली है। वह अब हमीरपुर स्थित धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना में सेवाएं देंगे। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। रेवती रमण को जलविद्युत परियोजनाओं के सिविल एवं संरचनात्मक डिजाइन में 21 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने भारत और नेपाल की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में योगदान दिया है। उन्होंने आईआईटी दिल्ली से संरचनात्मक इंजीनियरिंग में एमटेक और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से एमबीए किया है। वर्तमान में वह स्विट्जरलैंड से पीएचडी कर रहे हैं। वह भारतीय मानक ब्यूरो की बांध एवं स्पिलवे संबंधी तकनीकी समिति के सदस्य भी हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ग्रीस में हाइड्रो-2025 और इटली में हाइड्रो-2026 सम्मेलनों में वक्ता के रूप में भाग लिया। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी है।

हैप्पी बर्थडे



बड़सू के डॉक्टर दीपक ठाकुर को जन्मदिवस पर 'भारतेन्दु शिखर' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्र सेविका समिति ने किया पथ संचलन

बिलासपुर। राष्ट्र सेविका समिति ने स्थापना के 90 वर्ष पूरे होने और विजयादशमी के उपलक्ष्य में सोमवार को बिलासपुर में शस्त्र पूजन एवं भव्य पथ संचलन आयोजित किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या मंजू ठाकुर मुख्य अतिथि, जबकि प्रांत संचालिका कमलेश शर्मा अध्यक्ष रहीं। वंदना ठाकुर ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि से हुआ। इसके बाद मां दुर्गा की आराधना कर शस्त्र पूजन किया गया। कमलेश शर्मा ने नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला।

तीन माह तक लगातार डिपो से राशन न उठाने वाले उपभोक्ताओं के राशन कार्ड किए जाएं ब्लॉक

भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर प्रदेश डिपो संचालक समिति के अध्यक्ष अशोक कवि ने उपभोक्ताओं से हर माह उचित मूल्य की दुकानों से अपना राशन लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक राशन न उठाने से डिपुओं में खाद्य सामग्री जमा रहती है, जिससे उसकी गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं। उन्होंने बताया कि राशन की मांग और वितरण में भी डिपो संचालकों को परेशानी होती है। कभी कम मांग के कारण नियमित उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिल पाता, तो कभी पुराना राशन डिपुओं में पड़ा रहता है। इससे संचालकों को आर्थिक नुकसान भी होता है, क्योंकि उन्हें राशन की लागत और सरकारी कमीशन प्रभावित होने की समस्या झेलनी पड़ती है। अशोक कवि ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से मांग की कि लगातार तीन माह तक राशन नहीं उठाने वाले उपभोक्ताओं की पहचान कर उनके राशन कार्ड ब्लॉक किए जाएं।

पार्वती-III पावर स्टेशन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ शुभारंभ

भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। एनएचपीसी के पार्वती-III पावर स्टेशन में सोमवार, 26 अक्तूबर 2026 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 का शुभारंभ किया गया।



इस वर्ष सप्ताह की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' रखी गई है। इसके तहत 26 अक्तूबर से 1 नवंबर तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख सुधीर कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपने कार्यों में सत्यनिष्ठा बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (यांत्रिक) रंजीत कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सप्ताह के दौरान कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के लिए निबंध लेखन, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी तथा कविता पाठ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य नैतिक मूल्यों और पारदर्शिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। विद्यार्थियों को भी ईमानदारी और नैतिकता का महत्व समझाने के लिए प्राथमिक विद्यालय टिपरिधार, माध्यमिक विद्यालय लार्जी, राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैंज तथा राजकीय डिग्री कॉलेज सैंज में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों, उनके परिवारों और विद्यार्थियों में सत्यनिष्ठा की भावना विकसित करने तथा समाज में ईमानदारी और पारदर्शिता की संस्कृति को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है।


करवा चौथ से पहले कांगड़ा के बाजारों में रौनक फीकी, दुकानदार मायूस

भारतेन्दु संवाददाता, कांगड़ा। प्रदेश में मंदी की मार झेल रहे व्यापारियों को करवा चौथ से कारोबार बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन इस बार कांगड़ा के बाजारों में पिछले वर्षों के मुकाबले कम चहल-पहल देखने को मिल रही है।

व्रत नजदीक होने के बावजूद दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ कम है। दुकानदार प्रदीप कुमार, गोल्डी कुमार, बबलू कुमार, अंकित कुमार, विपिन कुमार और तिलक कुमार ने बताया कि ऑनलाइन प्रचार और खरीदारी के बढ़ते चलन से स्थानीय कारोबार प्रभावित हो रहा है। कई महिलाओं ने नवरात्रों से पहले ही श्रृंगार का सामान खरीद लिया था। इसके अलावा, मुहूर्त न होना भी बाजार में कम रौनक का एक कारण माना जा रहा है।

पीएम मोदी के पिता पर टिप्पणी के लिए खरगे देश से माफी मांगें : रजत ठाकुर

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मपुर। धर्मपुर के भाजपा नेता एवं प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य रजत ठाकुर ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के प्रति कथित अपमानजनक टिप्पणी की निंदा करते हुए सार्वजनिक माफी की मांग की है।



रजत ठाकुर ने कहा कि राजनीतिक विरोध और नीतियों की आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा हैं, लेकिन किसी के माता-पिता और परिवार के प्रति अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल भारतीय संस्कृति, सामाजिक मर्यादाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व राजनीतिक हताशा में मर्यादाएं भूल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी व्यक्तिगत टिप्पणियों और अभद्र भाषा का विरोध करती है। राजनीतिक दलों को विचारों के आधार पर विरोध करना चाहिए तथा संवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान बनाए रखना चाहिए। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर चुनावी असफलताओं से सबक न लेने और राजनीतिक वातावरण को कटु बनाने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक राष्ट्र है और राजनीतिक मतभेदों का समाधान संविधान तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के माध्यम से होना चाहिए। रजत ठाकुर ने भारत को बांग्लादेश जैसी परिस्थितियों की ओर ले जाने संबंधी कथित विचारों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को देश में शांति, स्थिरता और लोकतांत्रिक मर्यादा बनाए रखने के लिए जिम्मेदारी से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की विकास यात्रा जारी है और व्यक्तिगत टिप्पणियों से भाजपा कार्यकर्ताओं का जनसेवा का संकल्प कमजोर नहीं होगा। ठाकुर ने दोहराया कि मल्लिकार्जुन खरगे को कथित टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों को जीवन में अपनाएं : दीपक

भारतेन्दु संवाददाता, मंडी। महर्षि वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं जिला कुल्लू कांग्रेस प्रभारी दीपक शर्मा ने अंबेडकर नगर स्थित लव-कुश धर्मसभा कमेटी और दिल्लू राम कंपनी के पास आयोजित वाल्मीकि जयंती समारोहों में शिरकत की।

इस दौरान उन्होंने महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धासुमन अर्पित कर लोगों को जयंती की शुभकामनाएं दीं। अंबेडकर नगर में कमेटी के प्रधान दीपक वैद्य, चेयरमैन अनिल कुमार सहित अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में दीपक शर्मा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ज्ञान, साधना, समानता और मानवीय मूल्यों के प्रतीक हैं। उनकी जीवन यात्रा सिखाती है कि मनुष्य अपने कर्मों और विचारों से समाज को नई दिशा दे सकता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं सत्य, करुणा, कर्तव्य और सामाजिक समरसता का संदेश देती हैं। उनके आदर्शों को केवल



समारोहों तक सीमित रखने के बजाय दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने दिल्लू राम कंपनी के पास आयोजित वाल्मीकि सभा में भी भाग लिया। यहां उन्होंने आपसी भाईचारे, समानता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान, शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलना आवश्यक है। अंत में उन्होंने आयोजकों और उपस्थित लोगों का आभार जताया।

हिमाचल को स्पोर्ट्स हब बनाने के लिए प्रतिभाओं को बेहतर अवसर देना जरूरी : अनुराग सिंह ठाकुर

सुरेंद्र कटोच, भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने दिल्ली स्थित अपने आवास पर हिमाचल प्रदेश रग्बी टीम के खिलाड़ियों का स्वागत व सम्मान किया।



इस दौरान खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ के साथ खेलों के विकास, खिलाड़ियों की चुनौतियों तथा प्रदेश में रग्बी को बढ़ावा देने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। अनुराग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। प्रदेश के खिलाड़ी अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देवभूमि हिमाचल का मान-सम्मान बढ़ा रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि हिमाचल को देश का प्रमुख खेल केंद्र बनाने के लिए खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल संगठनों को मिलकर प्रयास करने होंगे। बैठक के दौरान खिलाड़ियों की आवश्यकताओं, उनकी चुनौतियों, भविष्य की आकांक्षाओं और प्रशिक्षण सुविधाओं से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख चंद्र मोहन शर्मा, कोच धर्मेंद्र चौधरी, मैनेजर त्रिशला देवी और विजय कुमारी सहित टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। चर्चा में प्रदेश के ग्रामीण और जमीनी स्तर पर रग्बी प्रतिभाओं की पहचान, चयन प्रक्रिया को बेहतर बनाने, प्रशिक्षण पद्धतियों में सुधार तथा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। अनुराग सिंह ठाकुर ने खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और हिमाचल को खेलों के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

हराबाग के एनएसएस स्वयंसेवियों ने देखा शानन पावर हाउस का हॉलेज ट्रॉली सिस्टम

भारतेन्दु संवाददाता, जोगिंद्रनगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हराबाग में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान सोमवार को स्वयंसेवियों ने ऐतिहासिक शानन पावर हाउस के हॉलेज ट्रॉली सिस्टम का भ्रमण किया। कार्यक्रम अधिकारी भागमल राणा की अगुवाई में सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद स्वयंसेवी दो घंटे पैदल चलकर 18 नंबर के नाम से प्रसिद्ध हॉलेज स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने ब्रिटिशकालीन इंजीनियरिंग की मिसाल माने जाने वाले ट्रॉली सिस्टम की कार्यप्रणाली को समझा। बाद में स्वयंसेवियों ने प्राकृतिक वातावरण में स्वयं भोजन तैयार कर सामूहिक रूप से उसका आनंद लिया।

राष्ट्रीय जूनियर वुशू चैंपियनशिप के लिए हिमाचल के 32 खिलाड़ी चेन्नई रवाना

भारतेन्दु संवाददाता, मंडी। हिमाचल प्रदेश के 32 वुशू खिलाड़ी 25वीं राष्ट्रीय जूनियर वुशू चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए सोमवार को चेन्नई रवाना हुए। प्रतियोगिता 28 अक्तूबर से 2 नवंबर तक आयोजित होगी, जिसमें देशभर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय वुशू महासंघ के उपाध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश वुशू संघ के चेयरमैन पीएन आजाद ने वुशू उत्कृष्टता केंद्र कंसा चौक से खिलाड़ियों के दल को रवाना किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। हिमाचल की टीम में विभिन्न जिलों से चयनित 32 खिलाड़ी शामिल हैं। टीम के कोच खेम सिंह, प्रबंधक रितिक और तकनीकी अधिकारी अमित कुमार भी दल के साथ रवाना हुए। खिलाड़ियों के चयन से प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम विभिन्न वर्गों में अपनी चुनौती पेश करेगी।

बरोटी में टिप्पर खाई में गिरा, चालक की मौत

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मपुर। धर्मपुर थाना क्षेत्र की बरोटी पंचायत में हवानी स्कूल के पास एक टिप्पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान निर्मल के रूप में हुई है, जो बिलासपुर जिले का निवासी था और राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कंपनी में टिप्पर चालक के रूप में कार्यरत था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टिप्पर निर्माण सामग्री लेकर बरोटी की ओर जा रहा था। इसी दौरान हवानी के पास अचानक डंगा धंस गया, जिससे टिप्पर अनियंत्रित होकर करीब 100 से 150 मीटर नीचे जा गिरा। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और कंपनी के कर्मचारियों ने घायल चालक को धर्मपुर नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर धर्मपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इसकी पुष्टि एसडीपीओ संजीव सूद ने की।

देव श्री बड़ा छमाहूं से अनंत बालूनाग, कर्था नाग सहित कई देवी-देवताओं ने किया भव्य मिलन

धनेश गौतम, भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान देव परंपराओं और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

ढालपुर में सजे देव शिविरों में देवी-देवताओं के आपसी मिलन का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में देव श्री बड़ा छमाहूं से अनंत बालूनाग, कर्था नाग, चौरासी सिद्ध, लक्ष्मी नारायण धौगी और ऋषि गर्गाचार्य सहित कई देवी-देवताओं ने भव्य मिलन किया। सबसे पहले रविवार को देव श्री बड़ा छमाहूं भगवान रघुनाथ जी के अस्थाई शिविर में मिलन करने पहुंचे और उसके बाद वापसी पर कई देवी देवताओं ने देव श्री बड़ा छमाहूं से भव्य मिलन किया। इससे पहले शनिवार को भी देव श्री बड़ा छमाहूं के शिविर में देव मिलन की परंपरा निभाई गई थी। इस दौरान पलदी छमाहूं ने अपने बड़े भाई देव श्री बड़ा छमाहूं से भेंट की, जबकि बासुकी नाग, खोडू देवता और वनशिरा शलबाड़ ने भी अपने ठाकुर



छह महाशक्तियों का वास है देवता के रथ में

देव श्री बड़ा छमाहूं के पुजारी धनेश गौतम और कारदार शेर सिंह के अनुसार, देव श्री बड़ा छमाहूं को सृष्टि का रचयिता और पालनहार माना जाता है। देवता के एक ही रथ में ब्रह्मा, विष्णु, महेश, आदि-अनंत, शक्ति और शेषनाग के रूप में छह महाशक्तियों का वास माना जाता है। इसी विशिष्ट मान्यता के कारण देवता का नाम बड़ा छमाहूं पड़ा है। देवता से जुड़ी यह धार्मिक मान्यता कुल्लू की प्राचीन देव परंपराओं, लोक आस्था और समृद्ध देव संस्कृति को दर्शाती है।

देव श्री बड़ा छमाहूं से मिलन किया। इससे पूर्व वनशिरा सपागनी और दायींत सहित अन्य देवी-देवता भी देव श्री बड़ा छमाहूं से भेंट कर चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव में देव श्री बड़ा छमाहूं के शिविर में हो रहे इन देव मिलनों को देखने के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। देव परंपराओं के विधिवत निर्वहन के साथ ढालपुर का वातावरण पूरी तरह देवमय बना हुआ है। देवी-देवताओं के आगमन और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच कुल्लू की समृद्ध देव संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिल रही है।

वोट चोरी का मुद्दा गांव-गांव तक ले जाएगी कांग्रेस : हरिश्चंद्र मीणा

भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर। लोकसभा सांसद हरिश्चंद्र मीणा ने हमीरपुर में प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा और केंद्र सरकार पर मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट चोरी के जरिए लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। मीणा ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए उनके इस्तीफे की मांग दोहराई। उन्होंने बताया कि नवंबर में दिल्ली में इस मुद्दे पर बड़ी रैली आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मतदाता सूची से जुड़े मामले को जिला, ब्लॉक और गांव की चौपाल तक ले जाकर लोगों को जागरूक करेगी। अरुणाचल प्रदेश में चीन की घुसपैठ के मुद्दे पर भी उन्होंने केंद्र सरकार की आलोचना की। हिमाचल में वोट चोरी के आरोपों पर उन्होंने कहा कि यहां भी ऐसे प्रयास हुए, लेकिन जनता के सामने उनकी एक नहीं चली। मीणा ने दिल्ली में युवाओं पर पुलिस लाठीचार्ज की निंदा भी की। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

वाहनों की मैन्युअल पासिंग शुरू होने पर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों ने जताया आभार



भारतेन्दु संवाददाता, कांगड़ा। जिला कांगड़ा के विभिन्न ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा से मुलाकात कर वाहनों की पासिंग मैन्युअल रूप से दोबारा शुरू करवाने के लिए उनका आभार जताया। बैजनाथ, पालमपुर, ज्वालाजी और धर्मशाला सहित विभिन्न क्षेत्रों की टैक्सी, मैक्सी, ऑटो और ट्रक यूनियनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि अनुराग शर्मा के प्रयासों से ऑपरेटरों की मांग पूरी हुई है। इस अवसर पर अनुराग शर्मा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से केंद्रीय मंत्री ने ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों की मांग को गंभीरता से लेते हुए जनहित में यह निर्णय लिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि ट्रांसपोर्टरों की अन्य लंबित मांगों को भी मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के समक्ष उठाकर उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा।

कुल्लू दशहरा में 64 साल बाद लौटी देव परंपरा, एक साथ पहुंचे तीन देवी-देवता

कुंबर दान नाग, माता फुंगणी और बाबा वीरनाथ के आगमन से श्रद्धालुओं में उत्साह

भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव में इस बार देव संस्कृति का एक खास अध्याय देखने को मिल रहा है। 64 साल के लंबे अंतराल के बाद जिला कुल्लू की फाटी व्यासर, कोठी रायसन के तीन देवी-देवता कुंबर दान नाग, माता फुंगणी और बाबा वीरनाथ एक साथ दशहरा उत्सव में पहुंचे हैं।



तीनों देवी-देवताओं के आगमन से श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है और बड़ी संख्या में लोग उनके दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। देवी-देवताओं ने इस बार दशहरा उत्सव में शामिल होने की इच्छा जताई थी। इसके बाद हारियान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उन्हें लाव-लश्कर सहित ढालपुर मैदान लेकर पहुंचे। उत्सव में राजा की चानणी के पीछे तीनों देवी-देवताओं के लिए स्थान निर्धारित किया गया है, जहां वे टेंटों में विराजमान हैं। देवता कुंबर दान नाग के कारदार ओमप्रकाश ने बताया कि तीनों देवी-देवता इससे पहले वर्ष 1962 में दशहरा उत्सव में शामिल हुए थे। उस समय उनके दादा तुलू राम कारदार थे। इसके बाद परिस्थितियों के चलते हारियान देवी-देवताओं को उत्सव में नहीं ला सके, हालांकि दशहरा समिति की ओर से हर वर्ष निमंत्रण मिलता रहा। अब 64 साल बाद तीनों देवी-देवताओं का एक साथ उत्सव में पहुंचना क्षेत्र के लोगों के लिए विशेष महत्व रखता है।

देव संस्कृति के प्रति आस्था का प्रतीक बना आगमन

तीनों देवी-देवताओं की अपने क्षेत्र में गहरी मान्यता है। 64 साल बाद उनके एक साथ दशहरा उत्सव में पहुंचने से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग दर्शन कर देवी-देवताओं का आशीर्वाद ले रहे हैं। उनका आगमन अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में हिमाचल की समृद्ध देव संस्कृति और पारंपरिक मान्यताओं की जीवंत झलक पेश कर रहा है।

एक साथ यात्रा करते हैं तीनों देवी-देवता

कारदार ओमप्रकाश के अनुसार, देवता कुंबर दान नाग और देवता वीरनाथ गोहरी के रथ हैं, जबकि माता फुंगणी करनाल में विराजमान होती हैं। क्षेत्र में किसी भी देव आयोजन या यात्रा के दौरान तीनों देवी-देवता एक साथ चलते हैं। देवता कुंबर दान नाग को ठारा नागों में से एक माना जाता है। माता फुंगणी के पुजारी तेज सिंह ने बताया कि देवी-देवताओं ने दशहरा उत्सव में आने के निर्देश दिए, जिसके बाद हारियान उन्हें लेकर कुल्लू पहुंचे। वहीं, देवता वीरनाथ के पुजारी चंद्रदेव ने बताया कि तीनों देवी-देवताओं के एक साथ यात्रा करने की परंपरा रही है। उन्होंने बताया कि मान्यता के अनुसार, जब देवता कुंबर दान नाग अपनी माता से मिलने जाते हैं, तो कई बार वापस लौटने से मना कर देते हैं। ऐसी स्थिति में देवता वीरनाथ उन्हें वापस लाते हैं।

न्यूज ब्रीफ

भगेड़ फ्लाईओवर के पास 7.05 ग्राम चिट्टे के साथ आदतन तस्कर गिरफ्तार



भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। बिलासपुर जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत घुमारवीं पुलिस ने भगेड़ फोरलेन फ्लाईओवर के पास एक व्यक्ति को 7.05 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ओम दत्त (45), निवासी वार्ड नंबर-3, घुमारवीं, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया है। इस संबंध में एफआईआर नंबर 219/2026 दर्ज की गई है। पुलिस जांच के अनुसार, आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी घुमारवीं थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मामले दर्ज हैं। पहला मामला 22 अगस्त 2024 और दूसरा 19 सितंबर 2026 को दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी जमानत पर बाहर आने के बाद दोबारा नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त पाया गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस का उद्देश्य नशे की आपूर्ति और बिक्री पर अंकुश लगाकर युवाओं को नशे से बचाना है। मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बरमाणा में शरारती तत्वों का उत्पात, पत्थर मारकर कार का अगला शीशा तोड़ा



भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। बरमाणा के कैंची मोड़ क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति ने सड़क किनारे खड़ी कार पर पत्थर मारकर उसका अगला शीशा तोड़ दिया। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। अरुण कुमार ने बताया कि उनके पिता इंद्र सिंह ठाकुर के नाम पर पंजीकृत कार रोजाना की तरह पुलिस कॉलोनी कैंपस के साथ सड़क किनारे खड़ी थी। सुबह गाड़ी देखने पर उसका अगला शीशा बड़े पत्थर से टूटा हुआ मिला। अरुण कुमार बिलासपुर स्थित चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी में ब्रांच रिकवरी मैनेजर हैं। उन्होंने आशंका जताई कि घटना के पीछे नशेड़ी हो सकते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने, आरोपियों की पहचान करने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

हमीर उत्सव को दोबारा शुरू किया जाएगा: बिट्टू

अनिल कुमार, भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुरवासियों की भावनाओं को समझते हुए हमीर उत्सव को दोबारा शुरू करने की मंजूरी दे दी है। सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को हमीरपुरवासियों और विशेषकर युवाओं की भावनाओं से अवगत करवाते हुए हमीर उत्सव के आयोजन की परंपरा को फिर से आरंभ करने की मांग रखी थी। सुनील शर्मा बिट्टू ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हमीरपुर वासियों की भावना को अधिमान देते हुए हमीर उत्सव को फिर से शुरू करने की हामी भर दी है और इस उत्सव को नवंबर महीने में बड़े धूम धाम से मनाया जाएगा। इसकी तारीख जल्दी ही तय कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि हमीर उत्सव सात साल से बंद था और लोग काफी समय से इसे दोबारा शुरू करने की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने जनभावनाओं को समझते हुए इसे दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया है। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि हमीर उत्सव हमीरपुर की सांस्कृतिक पहचान, परंपराओं और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण आयोजन है। इसके दोबारा शुरू होने से क्षेत्र की सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय व्यापारियों और लोगों को भी लाभ होगा। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि हमीर उत्सव के आयोजन को लेकर आवश्यक प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी, ताकि नवंबर माह में इसके आयोजन को धूमधाम से मनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हमीरपुर की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक पहल की जाएगी।



नवाही स्कूल के कुणाल चौहान ने राज्य स्तरीय कुश्ती में जीता रजत पदक



भारतेन्दु संवाददाता, सरकाघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नवाही के पहलवान कुणाल चौहान ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ ही उनका ग्रीको-रोमन कुश्ती की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। उनकी सफलता से विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में कुणाल ने बेहतरीन दांव-पेच और दमदार प्रदर्शन के दम पर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, विद्यालय के अन्य पहलवान अजय ने भी शानदार खेल दिखाते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। हालांकि, उन्हें सेमीफाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। खिलाड़ियों की इस सफलता का श्रेय डीपीई नरेश कमल के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन को दिया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। विद्यालय परिवार ने कुणाल चौहान को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं और अजय के प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

गुम्मा स्कूल की छात्राओं ने लोकनृत्य में हासिल किया दूसरा स्थान



भारतेन्दु संवाददाता, जोगिंद्रनगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मा की अंडर-14 छात्राओं ने भराड़ी में आयोजित जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के लोकनृत्य में दूसरा स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि गुम्मा स्कूल की छात्राओं ने पिछले वर्ष भी इस प्रतियोगिता में लोकनृत्य के लिए दूसरा स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय पिछले दो-तीन वर्षों से सांस्कृतिक और पाठ्यसहगामी गतिविधियों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव सूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रोशन ठाकुर ने छात्राओं को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि छात्राओं की मेहनत और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन से विद्यालय विभिन्न मंचों पर अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन समिति और अभिभावकों ने भी छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता जताई।

सरकाघाट बोर्ड कार्यालय में मनमर्जी से हो रही सहायता राशि मंजूर: भूपेंद्र सिंह



भारतेन्दु संवाददाता, सरकाघाट। मनरेगा व निर्माण मजदूर यूनियन धर्मपुर खंड कमेटी ने सरकाघाट स्थित बोर्ड कार्यालय में वित्तीय सहायता के आवेदनों के निपटारे में कथित मनमानी के खिलाफ नवंबर में बड़ा प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। यूनियन गांव-गांव जाकर प्रभावित मजदूरों से जनसंपर्क अभियान भी चलाएगी। सीटू के मंडी जिला प्रधान एवं बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि कार्यालय में करीब 16 हजार आवेदन लंबित हैं, जबकि छह साल पुराने आवेदनों को रोके रखकर वर्ष 2025 में जमा कुछ आवेदनों पर सहायता मंजूर की गई है। उन्होंने कहा कि मजदूरों से पुराने रोजगार प्रमाण पत्र, मस्टररोल रिकॉर्ड और शिक्षण संस्थानों के मान्यता प्रमाण पत्र दोबारा मांगे जा रहे हैं। भूपेंद्र सिंह के अनुसार, इस संबंध में बोर्ड अध्यक्ष को शिकायत देने के बावजूद तीन महीने में कार्रवाई नहीं हुई। यूनियन ने मामले में हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। बैठक में लंबित मामलों के निपटारे की मांग उठाई गई।

रौड़ी गांव में सड़क से उठने वाले धुएं से लोग परेशान, विधायक से लगाई गुहार



भारतेन्दु संवाददाता, अर्की। उपमंडल अर्की की ग्राम पंचायत खनलग के अंतर्गत रौड़ी गांव में सड़क से उठने वाले धुएं को लेकर ग्रामीणों ने चिंता जताई है।

समस्या के समाधान के लिए स्व. मनसा राम चौहान मेमोरियल युवक मंडल रौड़ी ने अर्की के विधायक संजय अवस्थी से हस्तक्षेप करने की मांग की है। युवक मंडल की ओर से नरेश चौहान ने विधायक को प्रार्थना पत्र सौंपकर उचित कार्रवाई का आग्रह किया है। प्रार्थना पत्र के अनुसार, गांव में मोहन सिंह चौहान और गीता राम के घरों की ओर जाने वाले रास्ते पर वर्ष 2025 में तारकोल डाला गया था। युवक मंडल का आरोप है कि इसके बाद सड़क से धुआं उठने की समस्या सामने आ रही है, जिससे आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, इससे बुजुर्गों, बच्चों और युवाओं को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। युवक मंडल ने बताया कि इस संबंध में पहले भी एसडीएम अर्की और प्रदूषण विभाग को शिकायत दी गई थी, लेकिन उनके अनुसार अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इससे ग्रामीणों में रोष और चिंता बनी हुई है। युवक मंडल ने विधायक संजय अवस्थी से मांग की है कि मामले का संज्ञान लेकर संबंधित विभागों से जांच करवाई जाए तथा समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

डॉ. जय कुमार आजाद ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का जताया आभार



भारतेन्दु संवाददाता, सरकाघाट। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आग्रह पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल प्रदेश के छह मेडिकल कॉलेजों में एकमुश्त 320 स्नातकोत्तर (पीजी) सीटें बढ़ाने की मंजूरी दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. जय कुमार आजाद ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है। डॉ. आजाद ने कहा कि पीजी सीटों में बढ़ोतरी से प्रदेश में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे भविष्य में लोगों को अपने नजदीकी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। विशेषज्ञ उपचार के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की जरूरत कम होने से मरीजों और उनके परिजनों के समय तथा पैसे की बचत भी हो सकती है।

भाजपा ने प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ किया संयुक्त मोर्चा जन आक्रोश रैली और धरना-प्रदर्शन



सुरेंद्र कटोच, भारतेन्दु संवाददाता, हमीरपुर। भाजपा जिला हमीरपुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त मोर्चा जन आक्रोश रैली व धरना-प्रदर्शन आयोजित किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, भाजपा के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के विकास कार्य प्रभावित हुए हैं और आम जनता को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा नेताओं ने प्रदेश में विकास कार्यों की गति, महंगाई, बेरोजगारी, ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाओं तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को विकास और जनकल्याण के वादों के साथ सत्ता सौंपी थी, लेकिन सरकार के फैसलों और कार्यप्रणाली से लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनहित के मुद्दों पर अपेक्षित परिणाम देने में विफल रही है। भाजपा ने प्रदेश सरकार से जनता से किए गए वादों को पूरा करने, विकास कार्यों में तेजी लाने और आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने की मांग की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता के संबंध में की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में उनका पुतला दहन भी किया।

'सुक्खू सरकार' ने करसोग में चार वर्ष में 187 बेटियों को प्रदान किया 57 .97 लाख का 'शगुन'







भगत सिंह गुलेरिया, भारतेन्दु संवाददाता, मंडी/करसोग। बेटी का विवाह हर परिवार के लिए जिंदगी का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। माता-पिता अपनी सामर्थ्य के अनुसार बेटी के इस नए सफर को यादगार बनाने का प्रयास करते हैं, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए विवाह का खर्च कई बार परिजनों के लिए बड़ी चिंता का कारण बन जाता है, ऐसे परिवारों की बेटियों के लिए राज्य सरकार की 'शगुन योजना' आशा की एक नई किरण बनकर आई है।

शगुन योजना के तहत बीपीएल परिवार से संबंधित 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की बेटी के विवाह के लिए राज्य सरकार द्वारा 31 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना का लाभ बेटी के माता-पिता अथवा संरक्षक के अलावा पात्र बेटी स्वयं भी प्राप्त कर सकती है। योजना की विशेषता यह है कि यदि हिमाचल प्रदेश की स्थायी निवासी पात्र बेटी का विवाह प्रदेश से बाहर किसी अन्य राज्य के स्थायी निवासी युवक से होता है, तब भी वह विवाह अनुदान की पात्र रहती है। इससे योजना का दायरा और अधिक व्यापक हो जाता है। करसोग में शगुन योजना के आंकड़े 'सुक्खू सरकार' की कल्याणकारी सोच को स्पष्ट रूप से सामने रखते हैं। गत लगभग चार वर्षों में 187 पात्र बेटियों को 57,97,000 रुपए की सहायता प्रदान की गई। यह राशि केवल सरकारी आंकड़ा नहीं है, बल्कि इसके पीछे 187 परिवारों की वह राहत जुड़ी है, जिन्हें बेटी के विवाह के समय आर्थिक सहयोग मिला है। सामाजिक तौर पर देखा गया है कि अनेक परिवारों के लिए शगुन की यह राशि विवाह की आवश्यक व्यवस्थाओं में उपयोगी साबित हुई और उन्हें आर्थिक दबाव से कुछ राहत मिली। कल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक महत्व तब सामने आता है, जब उनका लाभ समाज के उस वर्ग तक पहुंचे, जिसे इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। शगुन योजना इसी उद्देश्य को पूरा कर रही है। बीपीएल परिवारों की बेटियों के विवाह के अवसर पर सरकार की ओर से मिलने वाली इस सहायता से अभिभावकों को यह भरोसा मिला है कि बेटी के जीवन के महत्वपूर्ण अवसर पर वे अकेले नहीं हैं बल्कि राज्य सरकार भी उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की कड़ी में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए शगुन योजना एक संवेदनशील प्रयास है।

घनागुघाट में एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों को सिखाए वैदिक गणित के गुर



भारतेन्दु संवाददाता, अर्की। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनागुघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान विज्ञान स्नातक सुरेंद्र कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने स्वयंसेवियों को करियर के विभिन्न विकल्पों की जानकारी देने के साथ वैदिक गणित की उपयोगी विधियां और ट्रिक्स सिखाईं। सुरेंद्र कुमार ने बताया कि वैदिक गणित की तकनीकों से कठिन गणितीय सवालों को कम समय में आसानी से हल किया जा सकता है। इन विधियों का नियमित अभ्यास विद्यार्थियों की गणना क्षमता बढ़ाने के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहायक होगा। स्वयंसेवियों ने सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और वैदिक गणित की बारीकियां सीखीं। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य अजय शर्मा और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुनीता ठाकुर ने सुरेंद्र कुमार को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अजय शर्मा ने कहा कि वैदिक गणित विद्यार्थियों का गणित के प्रति भय दूर करने और सवालों को सरल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने नियमित अभ्यास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी सुनीता ठाकुर, अशोक कुमार, अंग्रेजी प्रवक्ता पुष्पेंद्र कौशिक सहित अन्य शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रोहनप्रीत, रमेश ठाकुर व अनुज शर्मा के नाम रही पांचवीं सांस्कृतिक संध्या



धनेश गौतम, भारतेन्दु संवाददाता, कुल्लू। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या पंजाबी और पहाड़ी गीतों के नाम रही। पंजाबी गायक रोहनप्रीत सिंह, पहाड़ी गायक रमेश ठाकुर और सारेगामा फेम अनुज शर्मा ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वहीं, लमन बैंड ने पहाड़ी गीतों की धुनों से समां बांधा, जबकि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के कलाकारों ने विभिन्न देशों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अंतरराष्ट्रीय संस्कृति की झलक पेश की।

पंजाबी गायक रोहनप्रीत सिंह ने मंच संभालते ही अपने लोकप्रिय गीतों से दर्शकों में जोश भर दिया। उन्होंने 'दो गलां करिये प्यार दीयां', 'तू मान मेरी जान', 'तुझे नहीं दूं' और 'एक मुंडा पंजाबी' सहित कई गीत प्रस्तुत किए। उनकी गायकी पर दर्शक झूमते नजर आए। इसके बाद पहाड़ी गायक रमेश ठाकुर ने हिमाचली लोकगीतों से दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने 'सांसों की माला पे', 'कैरे झूरिए झूरना', 'एक तू ही मेरा प्यार ओ सपना', 'कोखै री होली तो कोखै' और 'घोर पोलू तेरा' जैसे गीतों की प्रस्तुति देकर पहाड़ी संस्कृति की खूबसूरती को मंच पर जीवंत किया। सारेगामा फेम अनुज शर्मा ने भी अपने लोकप्रिय गीतों से खूब तालियां बटोरीं। उन्होंने 'एक हसीना थी, एक दीवाना था', 'ओम शांति ओम', 'बचना ऐ हसीनों लो मैं आ गया' और 'जवानी के हैं चार दिन' जैसे गीत पेश कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, लमन बैंड ने 'बूंदा बरस पैइयां' और 'उत्तामिए तेरे लगा दांदे रा चाबा' जैसे गीतों से खूब वाहवाही लूटी। आईसीसीआर के कलाकारों ने विभिन्न देशों की प्रस्तुतियों के माध्यम से सांस्कृतिक विविधता का आकर्षक प्रदर्शन किया। पांचवीं सांस्कृतिक संध्या में लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। दशहरा उत्सव समिति के उपाध्यक्ष एवं उपायुक्त कुल्लू डॉ. अमित कुमार शर्मा ने उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एनएचपीसी के महाप्रबंधक रंजीत सिंह, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

भराड़ू के दो विद्यार्थियों ने जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण पदक

भारतेन्दु संवाददाता, जोगिंद्रनगर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराडू के दो विद्यार्थियों ने चौंतड़ा में आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थी प्रिंस ने ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि पीयूष ने चक्का फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों विद्यार्थियों का चयन धर्मशाला में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के डीपी मनोहर ठाकुर और प्रधानाचार्य सुभाष ठाकुर ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

कांग्रेस नेतृत्व की भाषा और व्यवहार शर्मनाक: पीएन चटवाल



भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता पीएन चटवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी और राहुल गांधी के कथित अभद्र व्यवहार की निंदा की है। धर्मशाला में जारी बयान में चटवाल ने कहा कि बिहार में डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती के कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के प्रति कथित अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। उन्होंने राहुल गांधी पर महिला पुलिसकर्मियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाते हुए इसे शर्मनाक बताया। चटवाल ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व की ऐसी गतिविधियां राजनीतिक हताशा को दर्शाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण से कांग्रेस परेशान है। उन्होंने खरगे और राहुल गांधी से कथित विवादित टिप्पणियों और व्यवहार के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि कांग्रेस ने अपना रवैया नहीं बदला तो जनता चुनावों में जवाब देगी।

एसीसी प्लांट के बाहर स्कॉर्पियो खड़ी कर रास्ता रोकने पर मामला दर्ज

भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। पुलिस थाना बरमाणा में एसीसी गागल सीमेंट वर्क्स के बाहर सड़क बाधित करने और कर्मचारियों को धमकाने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।


पुलिस के अनुसार, कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर एचआर विजय सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई है कि गांव खतेड़ निवासी एक व्यक्ति ने एसीसी प्लांट के बाहर सड़क के बीच अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी खड़ी कर दी। इससे कंपनी से बाहर निकलने वाले वाहनों और ट्रकों की आवाजाही प्रभावित हुई। आरोप है कि व्यक्ति ने इस दौरान कंपनी के कर्मचारियों को धमकाया भी। पुलिस अधीक्षक अभिषेक धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत अभियोग दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।

हिमाचल को केंद्र की बड़ी सौगात, 6 मेडिकल कॉलेजों में 320 नई पीजी सीटें मंजूर; मिलेंगे 415 करोड़ रुपए

◆स्वदेश ठाकुर ने प्रधानमंत्री मोदी व जगत प्रकाश नड्डा का जताया आभार

अमर सिंह ठाकुर, भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदेश के छह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 320 नई पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) मेडिकल सीटों को मंजूरी दी है। इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार करीब 415 करोड़ रुपए का अनुदान भी प्रदान करेगी। भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से प्रदेश के युवाओं को उच्च चिकित्सा शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे। साथ ही, अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर करने में भी मदद मिलेगी। केंद्र सरकार की ओर से स्वीकृत 320 पीजी सीटों में आईजीएमसी शिमला को 91, टांडा मेडिकल कॉलेज को 57, हमीरपुर मेडिकल कॉलेज को 57, नेरचौक मेडिकल कॉलेज मंडी को 55, नाहन मेडिकल कॉलेज को 32 और चंबा मेडिकल कॉलेज को 28 सीटें आवंटित की गई हैं।



स्वदेश ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश के प्रति विशेष लगाव रहा है। उन्होंने बिलासपुर में एम्स के निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार महत्वपूर्ण सौगातें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि 415 करोड़ रुपए की सहायता और नई पीजी सीटों से चिकित्सा शिक्षा का विस्तार होगा। इससे भविष्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ाने और प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों को दी कानून की जानकारी

भारतेन्दु संवाददाता, बिलासपुर। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरमाणा में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के छठे दिन जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार शर्मा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने स्वयंसेवियों को कानून से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों एवं कर्तव्यों से अवगत करवाते हुए दैनिक जीवन में कानून के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने दायित्वों की भी जानकारी होनी चाहिए। इस दौरान स्वयंसेवियों ने कानून से संबंधित विभिन्न सवाल पूछे, जिनका अधिवक्ता ने सरल भाषा में जवाब दिया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने अनिल कुमार शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ और एनएसएस स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

स्वयंसेवियों को अनुशासन व मेहनत का दिया संदेश



भारतेन्दु संवाददाता, जवाली। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का छठा दिन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी पंडित विपन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व, अनुशासन, समाज सेवा तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए जनसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी अमित धीमान और रोहिणी शर्मा ने मुख्य अतिथि पंडित विपन शर्मा को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। विद्यालय प्रशासन ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त कर्मचारी और स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

हादसों के चलते बीड़-बिलिंग में 28 अक्तूबर तक सोलो पैराग्लाइडिंग उड़ानों पर रोक

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। कांगड़ा जिला के विश्वविख्यात पैराग्लाइडिंग स्थल बीड़-बिलिंग में प्रतिकूल मौसम और हाल ही में हुए पैराग्लाइडिंग हादसों को देखते हुए प्रशासन ने सोलो पैराग्लाइडिंग उड़ानों पर 28 अक्तूबर 2026 तक रोक लगा दी है। इस संबंध में उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बैजनाथ संकल्प गौतम ने आदेश जारी किए हैं। एसडीएम संकल्प गौतम ने बताया कि क्षेत्र में तेज हवाओं, बारिश, कम दृश्यता, बादलों की स्थिति में बदलाव और मौसम में अचानक होने वाले परिवर्तन के कारण पैराग्लाइडिंग गतिविधियों में जोखिम बढ़ गया है। मानव जीवन की सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एहतियाती कदम उठाए हैं।

सात माह बाद भराड़ीसैंण पहुंची सरकार, विधानसभा सत्र आज से

भारतेन्दु संवाददाता, चमोली। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण में सात माह बाद एक बार फिर विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने जा रही है। मंगलवार, 27 अक्टूबर से दो दिवसीय विधानसभा सत्र का आगाज होगा। सत्र को लेकर विधानसभा परिसर में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार मार्च में बजट सत्र के बाद अब भराड़ीसैंण पहुंची है। सत्र के दौरान प्रदेश से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। विधानसभा सत्र के लिए विधायकों की ओर से सवाल भी प्रस्तुत किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, 31 विधायकों ने 400 से अधिक प्रश्न लगाए हैं। इन सवालों के माध्यम से प्रदेश की विभिन्न समस्याओं, विकास कार्यों और जनसरोकारों से जुड़े विषय सदन में उठाए जा सकते हैं। सत्र की तैयारियों का जायजा लेने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सोमवार को भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली। दो दिवसीय सत्र की अवधि बढ़ाई जाएगी या नहीं, इसका निर्णय कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिया जाएगा। समिति सदन की कार्यवाही और विधायी कामकाज को ध्यान में रखते हुए आगे की रणनीति तय करेगी। सत्र के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। सात माह बाद भराड़ीसैंण में आयोजित हो रहे इस सत्र को राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब सभी की निगाहें मंगलवार से शुरू होने वाली सदन की कार्यवाही पर टिकी हैं।

- 400 से अधिक सवालों के साथ शुरू होगा गैरसैंण विधानसभा सत्र

पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का सम्मान हमारा नैतिक दायित्व : सतपाल महाराज

नौगांवखाल में सीएसडी कैंटीन शुरू, सतपाल महाराज ने पूर्व सैनिकों को दी सौगात

अनिल थपलियाल

देहरादून। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने सोमवार को विकासखंड एकेश्वर के नौगांवखाल में पूर्व सैनिकों के लिए सीएसडी कैंटीन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय सेना राष्ट्र के गौरव, अनुशासन, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों का सम्मान करना समाज का नैतिक दायित्व है।

महाराज ने कहा कि नौगांवखाल में कैंटीन शुरू होने से क्षेत्र के पात्र सैनिकों, पूर्व सैनिकों और अन्य अधिकृत लाभार्थियों को निर्धारित नियमों के अनुसार दैनिक उपयोग की वस्तुएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कैंटीन शुरू करने में सहयोग देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार जताया।

उन्होंने बताया कि सैनिकों और शहीदों के सम्मान में विभिन्न स्थानों पर स्मृति द्वार, प्रतिमाएं और स्मारक स्थापित किए गए हैं। ग्राम सिंवाल में 12 स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर शहीद द्वार, पिनानी में स्वतंत्रता सेनानी आनंद सिंह स्मृति द्वार और ग्राम बघेली में बाबा माहेन सिंह उत्तराखंडी स्मृति द्वार का निर्माण कराया गया है। ग्राम सीला में स्वतंत्रता सेनानी बलवंत मियां की प्रतिमा स्थापित करने का कार्य भी कराया गया है।

महाराज ने बताया कि राज्य सरकार शहीद सैनिकों के आश्रितों को 50 लाख रुपये और घर की मरम्मत के लिए दो लाख रुपये की सहायता दे रही है। पूर्व सैनिकों की विधवाओं को पुत्री के विवाह के लिए एक लाख रुपये का अनुदान भी दिया जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं को प्रतिमाह 10 हजार रुपये दिए जा रहे हैं।



- सतपाल महाराज ने शहीदों के परिजनों और पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

'कार्यक्रम में कारगिल युद्ध, 1971 के भारत-पाक युद्ध और अन्य सैन्य अभियानों में शहीद हुए जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। 92 वर्षीय पूर्व सैनिक महिपाल सिंह नेगी तथा गौरव सेनानी संगठन के संस्थापक सदस्य आलम सिंह रावत को भी सम्मान मिला। इस अवसर पर सैन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कैंटीन से पूर्व सैनिकों को मिलेगी सुविधा

महाराज ने कहा कि नौगांवखाल में कैंटीन शुरू होने से क्षेत्र के पात्र सैनिकों को निर्धारित नियमों के अनुसार दैनिक उपयोग की वस्तुएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कैंटीन शुरू करने में सहयोग देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार जताया। उन्होंने बताया कि सैनिकों और शहीदों के सम्मान में विभिन्न स्थानों पर स्मृति द्वार, प्रतिमाएं और स्मारक स्थापित किए गए हैं।

दून पुलिस का सत्यापन अभियान तेज, 176 किराएदारों का सत्यापन

17 मकान मालिकों पर 1.70 लाख का जुर्माना



विकास बलूनी

देहरादून। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दून पुलिस ने संदिग्धों और बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन के लिए अभियान चलाया। सोमवार को वसंत विहार थाना पुलिस ने ऋषि विहार, हरबंसवाला और भट्टा कॉलोनी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 176 से अधिक किराएदारों और बाहरी व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन किया।

अभियान के दौरान सत्यापन में अनियमितताएं मिलने पर 17 भवन स्वामियों के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इन पर कुल एक लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया। पुलिस ने पुलिस अधिनियम की धारा 81 के तहत छह व्यक्तियों के चालान कर दो हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला।

एसएसपी देहरादून के नेतृत्व में लगातार जारी है दून पुलिस का सत्यापन अभियान



पुलिस ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपितों को दोबारा अपराध में शामिल पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। एसएसपी देहरादून के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सत्यापन अभियान लगातार जारी है।

- 81 पुलिस एक्ट में 6 व्यक्तियों का चालान कर 2,000 रुपये का किया जुर्माना

न्यूज ब्रीफ

दस दिन से भूखे 15 वर्षीय स्वान की सर्जरी कर बचाई जान

भारतेन्दु संवाददाता, पिथौरागढ़। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने गंभीर संक्रमण से जूझ रहे 15 वर्षीय स्वान का जटिल ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई। स्वान पिछले दस दिनों से भोजन नहीं कर रहा था। जांच में उसके पायोमेट्रा यानी गर्भाशय के गंभीर संक्रमण से पीड़ित होने की पुष्टि हुई। इसके बाद चिकित्सकों ने ऑपरेशन का निर्णय लिया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश शर्मा के निर्देशन में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज जोशी और सचल पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रेमलता बसेड़ा के नेतृत्व में उपचार किया गया। पशु सर्जन डॉ. कनिका पाण्डेय ने घंटों चली सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया। ऑपरेशन के बाद स्वान की हालत में सुधार हुआ है। चिकित्सकों ने बताया कि पायोमेट्रा जानलेवा हो सकता है, इसलिए ऐसे लक्षण दिखने पर तत्काल पशु चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

पौड़ी में धूमधाम से मनाई वाल्मीकि जयंती निकली भव्य शोभायात्रा

भारतेन्दु संवाददाता, पौड़ी। सोमवार को वाल्मीकि प्रकट समारोह समिति के तत्वावधान में पौड़ी में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समिति की ओर से रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। इसके बाद महर्षि वाल्मीकि की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा एजेंसी चौक, माल रोड और बस स्टेशन से होते हुए लक्ष्मी नारायण मंदिर तक पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। पुलिस ने शोभायात्रा के मद्देनजर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सोनू घाघट, सचिव प्रवीन कुमार घाघट, उपाध्यक्ष बृजेश ढिंगिया, कोषाध्यक्ष मुकेश ढिंगिया सहित सुनील राजवंशी, राजू रिडियान और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

वन्यजीव को बचाने में पलटी पिकअप सड़क किनारे खड़े ग्रामीण की मौत

भारतेन्दु संवाददाता, नैनीताल। कोटाबाग-बांसी मार्ग पर रविवार रात अड़िया के पास पिकअप पलटने से सड़क किनारे खड़े 53 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक की पहचान बांसी निवासी तारा सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गणेश सिंह रविवार रात पिकअप लेकर कोटाबाग से बांसी की ओर जा रहे थे। अड़िया के पास अचानक वाहन के सामने वन्यजीव आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया और पिकअप सड़क किनारे खड़े तारा सिंह को टक्कर मारने के बाद पलट गई। गंभीर रूप से घायल तारा सिंह ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाकर पंचनामे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

आदिबद्री मंदिर में सीएम धामी ने की पूजा-अर्चना

भारतेन्दु संवाददाता, चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को चमोली जनपद स्थित आदिबद्री मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। विधानसभा सत्र में प्रतिभाग करने के लिए भराड़ीसैंण (गैरसैंण) जाते समय मुख्यमंत्री ने मंदिर में दर्शन किए और राज्य की निरंतर प्रगति तथा प्रदेशवासियों के सुखद एवं समृद्ध जीवन के लिए प्रार्थना की।




सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई

राज्य की छवि बिगाड़ने पर होगी कार्रवाई

भारतेन्दु संवाददाता, देहरादून। उत्तराखंड में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। साथ ही ऐसे मामलों में की गई कार्रवाई की जानकारी निदेशालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक विनोद प्रसाद सिमल्टी की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया है कि शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया पर की जा रही आपत्तिजनक टिप्पणियां उत्तराखंड राज्य कर्मचारी आचरण नियमावली, 2002 के प्रावधानों का उल्लंघन हैं।



अनुशासन और मर्यादा जरूरी

निदेशालय के अनुसार, सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों से जिम्मेदार और मर्यादित आचरण की अपेक्षा की जाती है। सोशल मीडिया पर की जाने वाली अनुचित टिप्पणियों से संबंधित विभाग और राज्य की छवि प्रभावित होती है। ऐसे कृत्यों को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

हल्द्वानी में मुख्यमंत्री धामी ने सुनीं जनता की शिकायतें, जनप्रतिनिधियों से किया संवाद

जनशिकायतों का तुरंत समाधान करें अधिकारी : धामी

भारतेन्दु संवाददाता, हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को हल्द्वानी स्थित सर्किट हाउस में आम जनता और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। लोगों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न काटने पड़ें, इसके लिए प्रशासन को संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ काम करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सरलीकरण, समाधान और संतुष्टि के मूल मंत्र को केंद्र में रखकर कार्य कर रही है। प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करना और नागरिकों को उनकी समस्याओं का संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनके निस्तारण में अनावश्यक देरी न हो। संबंधित विभाग शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करें, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके। उन्होंने पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने और जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया।



जनप्रतिनिधियों से जानीं विकास कार्यों की जरूरतें

सर्किट हाउस में आयोजित मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्रों की विकास संबंधी आवश्यकताओं और विभिन्न कार्यों के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार विकास योजनाओं को गति देने के साथ-साथ लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना भी जरूरी है।

जनता को राहत पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में तत्परता दिखाई जाए। जनता को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए तथा जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशील रवैया अपनाया जाना चाहिए।

चमोली: भराड़ीसैंण में विधानसभा सत्र की सुरक्षा संभालेंगे पुलिसकर्मी

भराड़ीसैंण विधानसभा सत्र की सुरक्षा के लिए 1036 पुलिसकर्मी तैनात

भारतेन्दु संवाददाता, चमोली

भराड़ीसैंण में 27 अक्टूबर से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के शांतिपूर्ण और सुरक्षित संचालन के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के लिए सोमवार को पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था डॉ. निलेश आनंद भरणे और पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि विधानसभा सत्र जैसे महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान सभी पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता, अनुशासन और आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।



सुरक्षा प्रोटोकॉल सख्त

ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विधानसभा परिसर के प्रवेश द्वारों पर व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच करने तथा केवल अधिकृत व्यक्तियों को वैध पास के आधार पर प्रवेश देने को कहा गया। बैरियरों पर तैनात पुलिस बल को धरना-प्रदर्शन, जुलूस और किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।

सुरक्षा तैयारियां पूरी

पुलिस अधीक्षक चमोली सुरजीत सिंह पंवार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार और अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने भी कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में भाग लेकर सुरक्षा तैयारियों पर चर्चा की। सत्र की सुरक्षा के लिए अपर पुलिस अधीक्षक से लेकर आरक्षी स्तर तक के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित यातायात पुलिस, सशस्त्र पुलिस और होमगार्ड की तैनाती की गई है।

नाबालिगों से दुष्कर्म मामले में इरफान को 20 साल कैद

भारतेन्दु संवाददाता, पिथौरागढ़। विशेष सत्र न्यायाधीश (पोक्सो) धनंजय चतुर्वेदी की अदालत ने दो नाबालिग छात्राओं के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में दोषी इरफान को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर कुल 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इरफान उत्तर प्रदेश के बरेली का निवासी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, एक फरवरी 2024 को धारचूला क्षेत्र की दो नाबालिग छात्राएं स्कूल गई थीं, लेकिन वापस घर नहीं लौटीं। परिजनों ने तीन फरवरी को धारचूला कोतवाली में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि इरफान और उसका एक किशोर साथी छात्राओं को नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले गए थे। आरोप था कि इसके बाद दोनों छात्राओं के साथ जबरन दुष्कर्म किया गया। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने इरफान को दोषी ठहराते हुए कठोर सजा सुनाई।

खड़गे के बयान पर भड़की भाजपा, हरिद्वार में फूंका पुतला

भारतेन्दु संवाददाता, हरिद्वार। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर सोमवार को हरिद्वार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चंद्राचार्य चौक पर कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला दहन कर अपना आक्रोश जताया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस नेतृत्व से राजनीतिक संवाद में मर्यादा बनाए रखने की मांग की।

जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के करोड़ों नागरिकों के विश्वास और आकांक्षाओं के प्रतीक हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की अमर्यादित और आपत्तिजनक बयानबाजी राजनीतिक हताशा को दर्शाती है।



संवैधानिक पदों के अपमान का आरोप

भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल अरोड़ा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का इतिहास संवैधानिक पदों का अपमान करने का रहा है। वहीं, वरिष्ठ नेता विशाल गर्ग ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा बनाए रखना सभी राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेदों को व्यक्त करते समय शालीनता और लोकतांत्रिक मूल्यों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

200 स्वयंसेवकों ने चलाया गंगा सफाई अभियान

गंगा को स्वच्छ रखना हर नागरिक का दायित्व: डॉ. चिन्मय पंड्या

भारतेन्दु संवाददाता, हरिद्वार

हरिद्वार में गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को हर की पैड़ी क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। शांतिकुंज के 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के सहयोग से इस अभियान में भाग लिया। स्वयंसेवकों ने वीआइपी घाट से हाथी पुल तक सफाई करते हुए गंगा घाटों और आसपास के क्षेत्रों से कई ट्रॉली कचरा एकत्र किया।

अभियान का शुभारंभ गायत्री मंत्र और स्वस्तिवाचन के साथ हुआ। इसके बाद स्वयंसेवकों ने घाटों पर जमा पुराने कपड़े, प्लास्टिक, कांच और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाया। इस दौरान लोगों को गंगा की स्वच्छता बनाए रखने और नदी में कचरा नहीं डालने के प्रति जागरूक भी किया गया।

शांतिकुंज के डॉ. चिन्मय पंड्या ने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था और भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण आधार है। इसकी स्वच्छता और संरक्षण की जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे गंगा में प्लास्टिक, पुराने कपड़े, खंडित मूर्तियां और अन्य अपशिष्ट न डालें। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने का लक्ष्य पूरा किया जा सकता है। गायत्री परिवार लंबे समय से नदियों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान चलाता रहा है। इस तरह के प्रयासों का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

अधिकारियों की मौजूदगी में अभियान



अभियान में उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधिकारी विकास त्यागी, भारत भूषण, आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत और शांतिकुंज आपदा प्रबंधन से जुड़े मंगल सिंह गढ़वाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शिलिंग मेला | पिथौरागढ़ में शिलिंग मेले की धूम, लोक संस्कृति के रंगों से सजा डाबरी मैदान

800 महिलाओं की कलश यात्रा से गूंजा आठगांव शिलिंग मेला

अनिल थपलियाल

पिथौरागढ़। आठगांव शिलिंग मेला महोत्सव का सोमवार को डाबरी मैदान में पारंपरिक रीति-रिवाजों और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच भव्य शुभारंभ हुआ। करीब 800 महिलाओं की कलश यात्रा के साथ शुरू हुए तीन दिवसीय महोत्सव में धार्मिक आस्था, लोक संस्कृति और रंगारंग प्रस्तुतियों का अनूठा संगम देखने को मिला। विधायक मयूख महर ने महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, रात को आयोजित होने वाली स्टार नाइट को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

महोत्सव के पहले दिन सुबह 11:30 बजे संगाटा से पारंपरिक कलश यात्रा निकाली गई। धार्मिक आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ निकली यात्रा डाबरी मैदान स्थित मेला स्थल पर पहुंची। इसमें करीब 800 महिलाओं ने भागीदारी कर आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया। कलश यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सवी माहौल बना रहा। इसके बाद मुख्य अतिथि विधायक मयूख महर की मौजूदगी में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। मां सरस्वती की वंदना और स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मेला समिति की ओर से मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का बैज, शॉल और प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया।



ग्रामोत्थान समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह वल्दिया और मेला संयोजक बिरेन्द्र वल्दिया सहित आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों, कलाकारों और क्षेत्रवासियों का स्वागत किया। आयोजकों ने कहा कि मेले का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना और स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है।

शिलिंग मेला बना सामाजिक एकता का प्रतीक

महोत्सव में स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्तराखंड की लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत की झलक पेश की। बच्चों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में दीपिका राज, प्रियांशु कुमार, अमित गोस्वामी, अमित कुमार, मलय आर्या और भावना बोरा ने प्रस्तुतियां दीं। वहीं, कथक नृत्यांगना उन्नति जोशी की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। गीत-संगीत से सजी सांस्कृतिक संध्या को यादगार बनाने के लिए आयोजन समिति ने तैयारियां की हैं। आठगांव शिलिंग मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन विभिन्न गांवों के लोगों को एक मंच पर लाने के साथ लोक परंपराओं को सहेजने और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तीन दिवसीय महोत्सव के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने और सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।